www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 204 || लखनऊ
सोमवार
26 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
दैनिक तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:12
सूर्यास्तः 05:28
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 18°00

पेज 07

विशेष समाचार
सऊदी अरब में हूतियों के हमले... » पेज 04
पीईटी के लिए 49 केंद्रों पर... » पेज 06
शिल्पा राव की परफॉर्मेंस बीच में रोकी...

पीएम मोदी, राजनाथ सिंह, आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी ने देखा 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो

गंगा के ऊपर गरजा भारत का शौर्य

"एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस आयोजन में आने और सहयोग करने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यक्रम शानदार होगा और सभी इसका आनंद लेंगे। अब सभी की निगाहें आसमान पर होनी चाहिए और एयर शो का आनंद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शो समय पर शुरू होना चाहिए।

100 करोड़ की टेक्सटाइल यूनिट का उद्घाटन किया
PM मोदी सुबह 10 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मोदी ने मिर्जामुराद स्थित खोचवां गांव के पास अरविंद लिमिटेड की नई कपड़ा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस यूनिट में लगभग 1000 महिलाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यहां स्पोर्ट्स वियर और अंडरगारमेंट का उत्पादन होगा। यूनिट में 300 मशीनें लगाई गई हैं और करीब 300 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह समूह डेनिम (जींस बनाने में इस्तेमाल होने वाला कपड़ा), सूती और लिनेन के कपड़े, सूट फैब्रिक, स्पोर्ट्सवियर और औद्योगिक उपयोग के विशेष कपड़ों को बनाने और कारोबार के लिए जाना जाता है।

आयोजन

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। पीएम मोदी ने रविवार को वाराणसी के नमो घाट पर एयर शो देखा। शो में 100 विमानों ने हिस्सा लिया। इनमें राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमान भी शामिल थे। पीएम मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने भी एयर शो देखा। एयरशो में राफेल विमान ने कम ऊंचाई पर कलाबाजियां दिखाईं। विमान ऊपर जाते-जाते अचानक नीचे मुड़ जाता तो कभी गोल चक्कर लगाने लगता। ऐसे ही सुखोई-30 MKI विमान ने कम ऊंचाई पर हवाई करतब दिखाए। चेतक हेलिकॉप्टर ने फूल बरसाए। C-17 ग्लोबमास्टर और नौ सूर्यकिरण हौक विमान एक साथ उड़ान भरते हुए मंच के ऊपर से गुजरे। सूर्यकिरण टीम के विमानों ने आसमान में शानदार कलाबाजियां दिखाईं। राफेल, सुखोई, जगुआर, मिराज-2000, तेजस और मिग-29 ने तीर की नोक के आकार में उड़ान भरी। यह ऑपरेशन सिंदूर जैसा नजारा रहा। करीब 15 लाख लोगों ने वायुसेना की ताकत देखी। एयर शो भारतीय वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इसे 'विंग्स ओवर गंगा' नाम दिया गया था। पीएम मोदी ने इससे पहले रूपापुर में 100 करोड़ रुपए की अरविंद टेक्सटाइल मिल का उद्घाटन किया। फिर पुलिस लाइन से 7 किमी. लंबा रोड शो कर नमो घाट पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी के कज्जाकपुरा फ्लाईओवर से नमो घाट की तरफ रवाना हुए। लोगों ने पुष्प वर्षा की। एयर शो के अंतिम चरण में सी-17 ग्लोबमास्टर और सूर्य किरण एरोबैटिक टीम की उपस्थिति ने समारोह को नई ऊंचाई दी।

वाराणसी की इंडिगो की 2 फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट
वाराणसी में एयरशो की वजह से रविवार को इंडिगो की दो उड़ानों को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। दोनों विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़े हैं। विमान में यात्री मौजूद हैं।

प्रदर्शन के दौरान विभिन्न लड़ाकू विमानों से जुड़ी आधुनिक हथियार प्रणालियों का भी उल्लेख किया गया।

पीएम मोदी एयरशो देखने नमो घाट पहुंचे, सीएम योगी भी साथ

पीएम मोदी एयरशो देखने के लिए नमो घाट पहुंच गए हैं। सीएम योगी भी उनके साथ मौजूद हैं। पूजा देवी अरविंद टेक्सटाइल में काम करती हैं। इन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। पीएम ने उनसे बात की। उन्होंने कहा- अभी तक उन्होंने पीएम को केवल टीवी में देखा था, आज हकीकत में देखकर बहुत खुश हूं। पीएम मोदी के नमो घाट पहुंचने से पहले हेलीकॉप्टर ने आसमान में बनाया तिरंगा टेक्सटाइल यूनिट के उद्घाटन के बाद मोदी ने दोपहर करीब 12 बजे पुलिस लाइन से नमो घाट तक करीब 7 किलोमीटर का रोड शो किया। कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं।

सी-17 ग्लोबमास्टर और नौ सूर्यकिरण हौक विमानों ने दशाश्व फॉर्मेशन बनाया
C-17 ग्लोबमास्टर और नौ सूर्यकिरण हौक विमान एक साथ उड़ान भरते हुए मंच के ऊपर से गुजरे। सूर्यकिरण टीम के विमानों ने आसमान में शानदार कलाबाजियां दिखाईं।

पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल ने बताया कि एयर शो की सुरक्षा के लिए 79 अस्थायी पुलिस थाने, 11900 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। घाटों पर डबल बैरिकेडिंग, 25 वॉच टावर और नदी में सुरक्षाबलों की तैनाती, एंटी-ड्रोन सिस्टम, एटीवी और साइबर सुरक्षा टीम अलर्ट है। पुलिस के अलावा पीएसी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बम निरोधक दस्ता समेत अन्य टीमें तैनात हैं। इन पांच दिनों में रोज दोपहर 1 से 3 बजे तक नियमित उड़ानों को रीशेड्यूल किया गया है।

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

*सामाजिक समरसता, न्याय एवं मानवता के उद्घोषक आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की पावन जयंती पर आप सभी को हृदय से बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। **महर्षि वाल्मीकि जी केवल भारतीय संस्कृति के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत हैं।** उन्होंने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यम से सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का जो संदेश दिया है, वह युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा।*

*क्रौंच पक्षी के वध से उपजी करुणा महर्षि वाल्मीकि जी के मुख से प्रथम श्लोक के रूप में प्रकट हुई और इसी से रामायण की रचना का मार्ग प्रशस्त हुआ। **भगवान श्रीराम के चरित्र को जीवंत करते हुए उन्होंने ऐसे आदर्श समाज की कल्पना प्रस्तुत की, जिसमें प्रेम, न्याय, समरसता और बंधुत्व सर्वोपरि हों। भगवान श्रीराम ने निषादराज को आत्मीय मित्र बनाया, जिसे वाल्मीकि रामायण में कहा गया है कि 'तत्र राजा गुहो नाम रामस्यात्मसमः सखा।'** यह प्रसंग हमें स्मरण कराता है कि सामाजिक पहचान से ऊपर उठकर आत्मीयता, सम्मान और समानता का भाव ही समाज को जोड़ता है। रामराज्य की परिकल्पना भी प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण पर आधारित है। आज उत्तर प्रदेश सरकार महर्षि वाल्मीकि जी के इन्हीं आदर्शों को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान में जुटी है।*

***हमारी सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके पावन स्थलों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।** चित्रकूट स्थित उनके पावन साधना स्थल के विकास की पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, ताकि श्रद्धालु और युवा पीढ़ी उनके जीवन-दर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। जहां रामायण की रचना हुई उस बिठूर में भी महर्षि वाल्मीकि आश्रम के पर्यटन विकास एवं संरक्षण के लिए विभिन्न कार्य किए गए।*

***अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को महर्षि वाल्मीकि जी का नाम दिया जाना उनकी विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान प्रदान करता है।** प्रदेश में वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। साथ ही, हमारी सरकार वंचित एवं पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।*

*महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का मर्म तभी साकार होगा, जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिलें। **इसी भावना से हमारी सरकार ने स्वच्छताकर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। वनटांगिया समाज के गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने के साथ ही मुसहर, कोल, थारू और घुमंतू समुदायों तक आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, वंचित समाज के पात्र परिवारों को भूमिधरी अधिकार प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक जीवन का आधार उपलब्ध कराया जा रहा है।***

***महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर मैं आप सभी युवाओं से विशेष रूप से कहना चाहूंगा कि युवा ऊर्जा के प्रेरणा पुंज भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए यह संकल्प लें कि किसी प्रकार का भेदभाव नहीं मानेंगे।** जब मन से ऊंच-नीच की दीवारें टूटेंगी, तभी समरस समाज का स्वप्न साकार होगा। जय श्रीराम!*

आपका
योगी आदित्यनाथ

समरस यूपी



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

फास्ट न्यूज

त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों से सामान खरीदें : मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने त्योहारों के अवसर पर लोगों से स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया। उन्होंने 'मन की बात' के 139वें एपिसोड में कहा कि इससे कारीगरों का उत्साह बढ़ेगा। पीएम ने कहा कि भारत के स्थानीय उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ रही है।

हनीट्रैप में फंसा सेना का रिटायर्ड कैप्टन, वेल्लोर से गिरफ्तार

नई दिल्ली। तमिलनाडु के वेल्लोर में 52 साल के रिटायर्ड आर्मी अधिकारी बाबू को गिरफ्तार किया गया है। बाबू पर आरोप है कि उसने सेना से जुड़ी कई अहम जानकारियां लीक कीं। कनियामबाड़ी पुलिस के मुताबिक, बाबू ने व्हाट्सऐप के जरिए एक अज्ञात महिला को सैन्य उपकरणों और इंडियन आर्मी से जुड़ी गोपनीय जानकारी भेजी। बाबू वेल्लोर के कीझवल्लम गांव का रहने वाला है। वह 28 साल तक इंडियन आर्मी की अलग-अलग शाखाओं में सेवा दे चुका है।

जज के नाबालिग बेटे ने मर्सिडीज से टक्कर मारी

तिरुवनंतपुरम। केरलम के कोच्चि में शनिवार देर रात मर्सिडीज कार ने स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 55 साल के स्कूटर सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कार चलाने वाला एडिशनल सेशन जज का बेटा है। उसकी उम्र 17 साल है। कार जज के नाम पर रजिस्टर्ड थी। हादसा रात 2 से 3 बजे के बीच हुआ।

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान

28 अक्टूबर को आंध्र तट से टकराएगा

तमिलनाडु-पुडुचेरी में तेज बारिश, ओडिशा के 5 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर एरिया रविवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसे अर्नब नाम दिया गया है। इसके असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

अगले 2 दिन के मौसम का हाल

 # 26 अक्टूबर
- केरलम में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। तमिलनाडु-पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट है।
- कर्नाटक, रायलसीमा और आंध्र प्रदेश में बारिश का यलो अलर्ट है। यहां 50kmph की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

 # 27 अक्टूबर
- आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है।
- छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरलम, कर्नाटक और रायलसीमा में बारिश का यलो अलर्ट है।

मोदी क्या, मोदी का बाप भी जाएगा :खड़गे

पटना में 'मोदी नहीं जाएंगे' कहने वाले शख्स को पीटा, शाह बोले- खड़गे ने मर्यादाएं तार-तार कीं

विवाद

तमसा संकेत, एजेंसी

पटना। पटना में रविवार को कांग्रेस के कार्यक्रम में हंगामा हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बापू सभागार में मोदी सरकार और उनकी नीतियों पर बोल रहे थे। तभी कांग्रेस का एक कार्यकर्ता उठकर बोला कि मोदी जी नहीं जाने वाले हैं। जब तक देश में विद्रोह नहीं होगा, मोदी सरकार नहीं हटेगी। इस पर खड़गे गुस्सा होकर बोले- मोदी क्या उसका बाप भी जाएगा। यह बात उन्होंने 3 बार दोहराई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उस शख्स की पिटाई कर दी, जिसने कहा था- मोदी नहीं जाने वाले। मल्लिकार्जुन खड़गे पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। वहीं, बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी के पिता को अपशब्द बोलना दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे माफी मांगे। मोदी नहीं जाएंगे, कहने पर जिस शख्स को पीटा गया। वह कांग्रेस का ही कार्यकर्ता है। उसका नाम संतोष है।

>> (शेष पेज 06 पर)

खड़गे पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती समारोह में पहुंचे थे।

"गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम के पिताजी के बारे में अभद्र टिप्पणी कर सारी मर्यादाएं तार-तार कर दी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस पार्टी ने मोदी जी या उनके परिवार को अपशब्द कहे हों। कभी उनकी माताजी के विषय में अपशब्द कहे, कभी उन्हें 'मौत का सौदागर' कहा, तो कभी 'चायवाला' कहकर उनकी गरीबी का उपहास उड़ाया। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी हर रोज अभद्रता की सीमाएं पार करती जा रही है।"

बिहार में पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे गए थे

बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त 2025 को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान PM मोदी की मां को गाली दी गई थी। इसके विरोध में बिहार बंद किया गया और प्रदर्शन भी किए गए थे। पटना में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता में मारपीट भी हुई थी। कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई थी।

मजबूती : पीएम मोदी ने खुर्दा के जटनी में 169 करोड़ रुपये की परियोजना का किया लोकार्पण

पीएम मोदी ने आरबीआई के नए डेटा सेंटर का किया उद्घाटन

तमसा संकेत, एजेंसी

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ओडिशा के एक दिवसीय दौरे के दौरान खुर्दा जिले के जटनी स्थित इन्फो वैली-द्वितीय में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का भी उद्घाटन किया गया। इन परियोजनाओं से देश के डिजिटल वित्तीय ढांचे को मजबूत करने और साइबर खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। करीब 169 करोड़ रुपये की लागत से 18.55 एकड़ भूमि पर बने इस डाटा सेंटर को नवी मुंबई के बाद आरबीआई का दूसरा डाटा सेंटर बताया गया है। उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल ब्रजमोहन राम, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। नए डाटा सेंटर में देश की डिजिटल भुगतान प्रणाली से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़ों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था होगी। इसमें यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) जैसे भुगतान माध्यमों से होने वाले लेनदेन से संबंधित सूचनाएं सुरक्षित रखी जाएंगी।

>> (शेष पेज 06 पर)

"डाटा सेंटर के साथ शुरू किया गया साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान भी इस परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से डिजिटल वित्तीय प्रणाली को साइबर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए विशेषज्ञता विकसित करने और प्रशिक्षण देने पर जोर रहेगा। डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर हमलों और डेटा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां भी महत्वपूर्ण होती जा रही हैं। ऐसे में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की उपलब्धता वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा क्षमता बढ़ाने में मदद कर सकती है।"

सीजेआई चंद्रचूड़ सरकार के सामने झुके : पूर्व जस्टिस कौल

जजों की नियुक्ति पर रवैये की आलोचना की

आलोचना

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज संजय किशन कौल ने पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ के रवैए की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ जजों की नियुक्ति के मामले में सरकार के प्रति जरूरत से ज्यादा झुके हुए थे। जस्टिस कौल ने अपनी आने वाली किताब 'विदाउट फियर ऑर फेवर' में सुप्रीम कोर्ट की छह रिक्तियों को भरने वाली कॉलेजियम बैठक का जिक्र किया है। जस्टिस कौल ने कहा कि कॉलेजियम को सरकार के दबाव का विरोध करना चाहिए। आज नियुक्तियों से पहले सरकार से नामों पर चर्चा करने की परंपरा बन गई है। जस्टिस कौल ने अपनी किताब में लिखा है कि सरकार से निपटने के तरीके को लेकर मतभेदों ने डीवाई चंद्रचूड़ के साथ उनके संबंधों में तनाव पैदा किया। कौल ने किताब में लिखा कि छह सुप्रीम कोर्ट जजों की नियुक्ति पर विचार के दौरान पांच नामों पर पहले सहमति बन चुकी थी। बैठक में चंद्रचूड़ ने छठे उम्मीदवार का नाम रखा। कौल के मुताबिक, चंद्रचूड़ उन्हें अलग कमरे में ले गए और पूछा कि क्या उन्हें सरकार की राय जानने के लिए फोन करना चाहिए।

पहियों के आगे लेटे, महिलाएं रोईं, 7 घंटे तक हुई कार्रवाई, कार्रवाई के बाद वकीलों का गुस्सा बढ़ गया

चैंबर गिराने पहुंचे बुलडोजरों पर चढ़े वकील

कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के जिला कोर्ट में वकीलों के चैंबरों पर बुलडोजर चलाए गए। इसका वकीलों ने विरोध किया। पहले वे सड़क पर बोरी बिछाकर बैठे, फिर नारेबाजी करते हुए खड़े होकर उग्र हो गए। पुलिस अधिकारी उन्हें समझाया। कार्रवाई के बाद वकीलों का गुस्सा बढ़ गया।

ध्वस्तीकरण में लगे एक बुलडोजर को रोककर उसके ऊपर चढ़ गए। पहियों के सामने लेट गए। कई महिला वकील इस कार्रवाई पर रोने लगी। सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कार्रवाई की गई है, जिसमें 100 अवैध निर्माण को तोड़ा गया है। इससे पहले वकील हाईकोर्ट में नगर निगम के खिलाफ अपील लेकर पहुंचे थे, जिसे खारिज कर दिया गया। मई से अगस्त के बीच दो बार में 72 अवैध चैंबर तोड़े जा चुके हैं। नगर निगम आज 211 चैंबरों को तोड़ने के लिए बुलडोजर के साथ पहुंचा था।

नगर निगम ने वकीलों को नोटिस दिया था, जिस पर आईं 14 आपत्तियों पर समाधान भी दे दिया गया। यह कार्रवाई 11 अक्तूबर को होनी थी, लेकिन आपत्तियों के निस्तारण और कोर्ट में अपील लंबित होने के कारण इसे टाल दिया गया था। वकीलों के चैंबर्स तोड़ जाने के बाद नगर निगम बुलडोजर से मलबा हटवाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया।

वकील बोलीं- हम लिखते रहे, मुख्यमंत्री को नहीं पता चला

वकील शुभांगी द्विवेदी ने कहा- वकीलों के चैंबर तोड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री को दुनिया के ट्वीट दिख जाते हैं और हम लगातार उन्हें लिखते रहे कि हमारे चैंबर गिराए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता चला।

पुलिस अधिकारियों के सामने फाइल लेकर डटे भवन मालिक

पुलिस अधिकारियों के सामने फाइल लेकर भवन मालिक डटे हैं। वे बता रहे हैं कि उनके भवनों के सारे कागज मौजूद हैं। बार-बार बताने के बावजूद नगर निगम ने नोटिस दिया।

लोगों ने गलत जगह लगाए गए क्रॉस निशान का विरोध किया

वकीलों के अवैध चैंबरों के अलावा नगर निगम अधिकारियों ने कई वैध निर्माणों पर भी मार्किंग कर दी थी। इन प्रॉपर्टी मालिकों ने लाल क्रॉस निशान को सफेद रंग से मिटा दिया। इसके बाद वहां नोटिस की जगह प्रॉपर्टी की विस्तृत जानकारी लिखकर चिपका दी गई।

एक भवन के मालिक ने बताया कि नगर निगम ने मेरी फ्री-होल्ड जमीन को असेसमेंट दे रखा है। इसके बावजूद इसे अवैध बता दिया है। हमने सारे कागज दिखाए। तोड़े गए अवैध निर्माण का मलबा नगर निगम की टीम उठवा रही है।

> वकीलों के अवैध चैंबरों के अलावा नगर निगम अधिकारियों ने कई वैध निर्माणों पर भी मार्किंग कर दी थी। इन प्रॉपर्टी मालिकों ने लाल क्रॉस निशान को सफेद रंग से मिटा दिया। इसके बाद वहां नोटिस की जगह प्रॉपर्टी की विस्तृत जानकारी लिखकर चिपका दी गई।

वकीलों की बहस के सामने बुलडोजर पीछे किया

बलरामपुर अस्पताल की दूसरी पटरी पर कचहरी की साइड कुछ दुकानें हैं। इनमें नगर निगम की तरफ से आवंटित दुकानें भी हैं। साथ ही एलडीए की तरफ से आवंटित 800 स्क्वायर फीट में कई दुकानें हैं। अब वकील कह रहे हैं कि सभी दुकानों को गिराया जाए या किसी को भी न गिराया जाए। इसी को लेकर बुलडोजर भी पीछे कर दिया।

फास्ट न्यूज

आशियाना में शरद पूर्णिमा पर अन्नदान

लखनऊ। लखनऊ में शरद पूर्णिमा के अवसर पर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के सेवा प्रकल्प बृज की रसोई की ओर से रविवार को आशियाना में जरूरतमंदों, बच्चों, बुजुर्गों और श्रमिकों को निःशुल्क भोजन प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों के अनुसार, करीब 2 हजार लोगों तक सब्जी, चावल और बूंदी का प्रसाद पहुंचाया गया। सेवा अभियान का उद्देश्य पर्व की खुशियां समाज के जरूरतमंद वर्गों के साथ साझा करना रहा।

वाराणसी की इंडिगो की 2 फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट

लखनऊ । वाराणसी हवाई अड्डे पर VIP मूवमेंट के कारण रविवार को इंडिगो की दो उड़ानों को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। दोनों विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़े हैं और उनमें सवार यात्री अभी भी अंदर फंसे हैं। उन्हें आगे की यात्रा के लिए फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है।

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E5025 दिल्ली से वाराणसी जा रही थी, जो सुबह 10:15 बजे लखनऊ उतरी। दूसरी उड़ान 6E915 हैदराबाद से वाराणसी आ रही थी, जो सुबह 10:16 बजे लखनऊ पहुंची।

गड्ढे के पानी में डूबकर 9-साल के बच्चे की मौत

मोहनलालगंज। लखनऊ में रविवार सुबह 9 साल के बच्चे की पानी भरे गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ बड़े जलभराव में नहाने गया था। दो दोस्तों के साथ उसकी 10 साल की बहन भी थी। हादसे की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना गोसाईंगंज के टंट का पुरवा गांव की है।

राजधानी में बीजेपी विधायक से ठगी करने वाले दंपती गिरफ्तार

सीडब्ल्यूसी की फर्जी एनओसी दी, चैयरमैन का करीबी बताकर विश्वास में आया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के केंद्रीय भंडारण निगम (CWC) से वेयर-हाउस निर्माण की मंजूरी दिलाने के नाम पर बीजेपी विधायक विनोद सिंह से ठगी करने वाले दंपती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शशांक पांडेय ने खुद को दिल्ली में तैनात आईएएस अधिकारी का भाई बताकर विनोद सिंह को झांसे में लिया। उसने दावा किया कि उसके आईएएस भाई की केंद्रीय भंडारण निगम के चेयरमैन से अच्छी जान-पहचान है।

उनकी मदद से वेयरहाउस की मंजूरी आसानी से मिल जाएगी। इसके बाद उसने मंजूरी दिलाने के नाम पर पैसे ले लिए। चार-पांच महीने तक मंजूरी नहीं मिली तो विनोद को शक हुआ। आरोपियों ने 2 जून 2026 को CWC के लेटरपैड पर फर्जी NOC भी भेज दिया। मामले में पुलिस ने शशांक पांडेय और सौम्या पांडेय को गिरफ्तार किया है। दोनों पैसे लेने के बाद से फरार हो गए थे।

सुल्तानपुर सदर के विधायक विनोद सिंह लखनऊ के हजरतगंज स्थित हेरिटेज अपार्टमेंट में रहते हैं। इसी अपार्टमेंट के सातवें तल पर फ्लैट नंबर 7003 में शशांक पांडेय अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था। दोनों के एक ही जिले का होने के कारण पारिवारिक संबंध बन गए थे। इसी भरोसे का फायदा उठाकर शशांक ने उन्हें वेयरहाउस की मंजूरी दिलाने का प्रस्ताव दिया। आरोप है कि शशांक ने विनोद को बताया कि दिल्ली में उसका भाई IAS अधिकारी है और प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में तैनात है। उसने यह भी दावा किया कि उसके भाई ने अपनी पैरवी से केंद्रीय भंडारण निगम के चेयरमैन आशुतोष अग्निहोत्री को पद दिलवाया है। शशांक ने कहा कि CWC से रेलवे गुड्स गोदाम, वाइन गोदाम, औषधि भंडारण गोदाम और FCI के गोदामों की स्वीकृति होती है।

उसने दावा किया कि पैसे देने पर वेयरहाउस की मंजूरी जल्द मिल जाएगी।

अखिलेश यादव का आरोप- किसान ठगा महसूस कर रहा

भाजपा सरकार में घाटे का सौदा बनी खेती

> धान, आलू और मक्का की लागत तक नहीं मिलने का दावा, गन्ना किसानों के बकाया भुगतान और फसलों के लाभकारी मूल्य का उठाया मुद्दा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन बढ़ती महंगाई के कारण किसानों की आय आधी भी नहीं रह गई है। खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और उर्वरकों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में खेती-किसानी घाटे का सौदा बन गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है, लेकिन इसका पर्याप्त लाभ गन्ना किसानों को नहीं मिल रहा है। नया पेराई सत्र शुरू होने के बावजूद कई चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का सैकड़ों करोड़ रुपये बकाया होने का दावा करते हुए उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले दिनों बाढ़, बारिश और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ, लेकिन सरकार ने प्रभावित किसानों की समुचित मदद नहीं की।

धान और आलू किसानों को नुकसान का दावा

सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि धान किसानों को लागत मूल्य की तुलना में प्रति क्विंटल करीब एक हजार रुपये तक का नुकसान उठाकर अपनी उपज बेचनी पड़ रही है। उन्होंने धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि सरकारी खरीद की उचित व्यवस्था नहीं होने से बिचौलिए किसानों से कम कीमत पर धान खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं, आलू की कीमतों में गिरावट और खरीदार नहीं मिलने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

खाद, बिजली से लेकर फसल की बिक्री तक परेशानी

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को बुआई से लेकर फसल बेचने तक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय पर खाद, बीज, पानी और सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिलती। मेहनत और लागत लगाकर फसल तैयार करने के बाद भी उन्हें उचित कीमत नहीं मिलती। धान, आलू, मक्का समेत कई फसलों के किसानों को लागत के मुकाबले कम दाम मिलने से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इको गार्डन में कर रहे हैं प्रदर्शन, अधिकारियों पर गुमराह करने का आरोप

28वें दिन भी सीएचओ का धरना जारी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के इको गार्डन में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (CHO) का धरना 28 वें दिन भी जारी है। नियमितीकरण, कैडर बनाने और वेतन विसंगति दूर करने समेत कई मांगों को लेकर प्रदेशभर के CHO धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन-कारियों ने कहा कि बदलते हुए मौसम में खुले आसमान के नीचे धरना आसान नहीं है।

उनका कहना है कि अधिकारियों और सरकार की हठधर्मिता के कारण परिवार और बच्चों के छोड़कर बार-बार लखनऊ आना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार मंत्रियों के आवास पर जाकर अपनी समस्याएं बता चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेश के 17 हजार CHO सामूहिक इस्तीफा देंगे और विधानसभा का घेराव करेंगे।

प्रदर्शन कर रही निकिता ने कहा कि धरने में शामिल CHO का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर करीब एक दर्जनों बार मंत्रियों के आवास पर जा चुके हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के बाद भी उन्हें वेतन और सेवा संबंधी सुविधाओं को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,ये बेहद अफसोसनाक है।

कैडर निर्माण और 4800 ग्रेड पे की मांग

प्रदर्शन कर रहे सनत सिंह ने बताया कि प्रमुख मांगों में कैडर निर्माण, हरियाणा की तर्ज पर 4800 ग्रेड पे और सातवें वेतनमान का लाभ शामिल है। इसके अलावा पीवीआई को मूल मानदेय में मर्ज करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन और विभागीय अधिकारियों के स्तर पर कई बार वार्ता हुई, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जबतक संतोषजनक जवाब नहीं मिलता आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

1956 की नियमावली का हवाला दिया

उन्होंने बताया कि 1956 की नियमावली के अनुसार व्यवस्था लागू करने, कैडर निर्माण और वेतन विसंगति दूर करने की मांग प्रमुख है। उनके मुताबिक, दूसरे कैडरों की तुलना में उन्हें करीब 5,000 रुपये कम मिलते हैं। उन्होंने पीवीआई को मूल मानदेय में शामिल करने की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना जबतक मांग पूरी नहीं हो जाती आंदोलन रुकने वाला नहीं।

लखनऊ में रोडवेज बस ड्राइवर-कंडक्टर ने खुद पर पेट्रोल डाला

लखनऊ। लखनऊ में कैसरबाग स्थित UPSRTC (उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम) कार्यशाला पर रविवार को संविदा बस चालकों और परिचालकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। वेतन में देरी और प्रशासनिक प्रताड़ना से नाराज एक ड्राइवर ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। यह देख उसके कंडक्टर ने भी खुद पर पेट्रोल डाल लिया। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने दोनों को सुसाइड से बचा लिया। घटना के बाद कार्यशाला परिसर में तनाव का माहौल बन गया। आत्मदाह का प्रयास करने वाले मोहम्मद इरफान ने कहा कि लोड फैक्टर को लेकर काफी दबाव है। वह गोरखपुर रूट पर बस चलाते हैं। मगर इस रूट पर डग्गामार गाड़ियां और प्राइवेट वाहनों के संचालन की वजह से सवारी नहीं मिल पाती है। इसके बाद अधिकारी दबाव बनाते हैं। लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि परिवहन निगम और जिला प्रशासन डग्गामार वाहनों के संचालकों पर कार्रवाई करें।

लोहिया पार्क में दिसंबर से शुरू होगा प्ले फाउंटेन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में लोहिया पार्क और गोमती रिवरफ्रंट की सुंदरता बढ़ाने के लिए नई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। लोहिया पार्क में म्यूजिक और रंग-बिरंगी रोशनी से सजा प्ले फाउंटेन बनाया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक शुरू करने की तैयारी है। गोमती रिवरफ्रंट पर वाटर बेस्ड लाइट एंड साउंड शो बनाया जाएगा। इसके जरिए उत्तर प्रदेश के इतिहास और लखनऊ की नवाबी संस्कृति, कला और विरासत को दिखाया जाएगा। इसके साथ ही ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत बैकुंठ धाम से ला मार्टिनियर तक पुल का निर्माण पूरा कराकर यातायात शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को इन परियोज-नाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित निगरानी करने पर भी जोर दिया। लोहिया पार्क में प्ले फाउंटेन के साथ चिल्ड्रेन प्ले एरिया विकसित किया जा रहा है। फाउंटेन में म्यूजिक और रंग-बिरंगी लाइटों की व्यवस्था होगी। इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिए मल्टी एक्टिविटी झूले भी लगाए जा रहे हैं।

> रिवरफ्रंट पर होगा लाइट शो, ग्रीन कॉरिडोर के पुल का काम जल्द पूरा किया जाएगा

परीक्षा : पीईटी परीक्षा के बाद घर पहुंचने का संघर्ष, ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की

चारबाग रेलवे स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। UPSSSC के PET एक्जाम में हिस्सा लेने के लिए रविवार को बड़ी संख्या में परिक्षार्थी लखनऊ पहुंचे। जिसको लेकर रेलवे के द्वारा पहले ही तैयारी करके अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गई थी। दो पालियों में हुई परीक्षा में 29082 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। कुल 38304 परीक्षार्थी बैठने वाले थे, लेकिन 9,222 ने परीक्षा छोड़ दिया।

परीक्षा के बाद चारबाग रेलवे स्टेशन पर सामान्य से अधिक भीड़ देखने को मिली। ट्रेन रुकने के बाद बड़ी संख्या में परीक्षार्थी सीट हासिल करने के लिए धक्का मुक्की करने लगे कई लोग दरवाजे पर लटके हुए भी नजर आए। मैं भीड़ को देखते हुए रेलवे की तरफ से प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में आफ के जवान और रेलवे कर्मचारी तैनात किए गए।

> इसी रूट पर दूसरी जोड़ी में ट्रेन नंबर 04324 मुरादाबाद से शाम 6:55 बजे रवाना होकर रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई और बालामऊ होते हुए रात 12:25 बजे लखनऊ पहुंचेगी । वापसी में ट्रेन नंबर 04323 लखनऊ से रात 1:35 बजे चलकर सुबह 8 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी।

रेलवे के अनुसार, ट्रेन नंबर 04322/04321 लखनऊ-मुरादा-बाद परीक्षा स्पेशल का संचालन 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर के लिए किया गया है। ट्रेन नंबर 04322 मुरादाबाद से दोपहर 1:20 बजे रवाना होकर रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई और बालामऊ होते हुए शाम 6:10 बजे लखनऊ पहुंची। वापसी में ट्रेन नंबर 04321 लखनऊ से शाम 7 बजे चलकर निर्धारित स्टेशनों से होते हुए रात 1:50 बजे मुरादाबाद पहुंची। गोरखपुर से लखनऊ के लिए ट्रेन नंबर 05007 शनिवार रात 8:35 बजे रवाना की गई। यह ट्रेन आनंदनगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा, करनैलगंज, बुढ़वल और बाराबंकी होते हुए रविवार तड़के 3:48 बजे बादशा-हनगर और सुबह 4:45 बजे लखनऊ जंक्शन पहुंची। वापसी में ट्रेन नंबर 05008 लखनऊ-गोरख-पुर स्पेशल 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को लखनऊ जंक्शन से रात 8:55 बजे रवाना होगी।

अभ्यर्थियों के लिए कई स्पेशल ट्रेने चलाईं गई

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। इन ट्रेनों से मुरादाबाद, गोरखपुर और बरेली सहित विभिन्न शहरों से लखनऊ आने वाले परीक्षार्थियों को राहत मिली । रेलवे ने अलग-अलग तारीखों पर परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। कुछ ट्रेनों में 13 कोच, जबकि अन्य स्पेशल ट्रेनों में जनरल श्रेणी के 10 कोच है।

दूसरी पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद स्टेशन पर छात्रों की भीड़।

ऑनलाइन गेमिंग में हारा रुपए फिर रची अपहरण की कहानी

लखनऊ में नीट छात्र ने पिता से फिरौती मांगी, 50 हजार उधार था

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा। लखनऊ में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी में उलझे 17 साल के NEET छात्र ने उधारी चुकाने के लिए खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच डाली। उसने पिता से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। वह ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी में 50 हजार रुपए का उधार था। इसी के चलते उसने किडनैपिंग की साजिश की।

परिजनों ने किशोर की थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस जांच में मामले का खुलासा हुआ तो परिवार के लोग भी हैरान रह गए। वह लखनऊ में किराये का कमरा लेकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मामला पारा इलाके का है।

परिजनों के मुताबिक, किशोर ने अपने पिता और रिश्तेदारों को व्हाट्सऐप के जरिए संदेश भेजकर पांच लाख रुपए की मांग की थी। कथित तौर पर रकम नहीं मिलने पर उसने शाम तक पिता को फोन कर कहा कि उसके बेटे की लाश मुंबई के जंगल से उठा लेना। इस संदेश और फोन कॉल से परिवार में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पारा प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने किशोर को सकुशल बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी में रुपये गंवाने के बाद उस पर करीब 50 हजार रुपये की देनदारी हो गई थी।

किराये के कमरे में रहकर तैयारी करता था

हरदोई जिले का रहने वाला किशोर लखनऊ के आलमबाग स्थित एक निजी संस्थान में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह पारा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। 20 अक्टूबर की रात करीब 9:40 बजे उसके लापता होने के बाद परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसकी मां ने 23 अक्टूबर को पारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

उन्नाव की महिला को मारकर लखनऊ में फेंका

चेहरे पर चोट, गला दबाया गया, बैग में कागज पर 4 युवकों के नाम लिखे मिले

वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/उन्नाव। लखनऊ में उन्नाव की 25 साल की महिला का शव मिला है। किसान पथ के नीचे उसे मारकर फेंक दिया गया। चेहरे पर चोट और गले को दबाने के निशान दिखे हैं। उसके पास एक बैग भी मिला, जिसके अंदर आधार कार्ड, पैन कार्ड और एक कागज मिला। कागज पर 4 युवकों के नाम लिखे हैं। पुलिस ने माना है कि शव की स्थिति देखकर यह हत्या है। मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगी। वारदात शनिवार शाम को दुबग्गा के सैदपुर गांव में किसान पथ के अंडरपास के पास की गई। पुलिस को शव दिखने की सूचना रात करीब 9:30 बजे मिली। पुलिस ने शव के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कर

परिजनों की सूचना दी। महिला की पहचान उन्नाव की सफीपुर के रहने वाले कमरुद्दीन की बेटी आशिया उर्फ टीना के रूप में की गई।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। वहां केवल निकाह वाली रात ही रही, उसके दूसरे दिन मायके आ गई, फिर कभी नहीं गई। उसका पति नासिर कई बार उसको वापस बुलाने आया लेकिन वह नहीं गई। इस पर आशिया को पिता कमरुद्दीन ने घर से निकाल दिया। वह लव-मैरिज से हुई बेटी उरूज फातिमा (4) को लेकर घर से निकल गई। सफीपुर में किराये पर रहने लगी।

- शव की सूचना मिलने पर राहगीरों और आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई।
- शव के पास से पुलिस को बैग मिला। इसके अंदर रखे आधार कार्ड से महिला की पहचान हो पाई।

7 साल पहले लव-मैरिज, 2 साल बाद घरवालों ने दूसरा निकाह कराया

महिला के परिजनों के मुताबिक, आशिया उर्फ नरगिस उर्फ टीना की दो शादियां हुई थीं। 7 साल पहले उसने गांव के ही एससी युवक के साथ भागकर लव-मैरिज कर ली थी। उसके साथ दिल्ली में रह रही थी, जहां उसको बेटी हुई। वहां से 2 साल बाद आशिया घर लौट आई तो कमरुद्दीन ने उसका निकाह माखी थाना क्षेत्र केनवाबगंज रुपऊ गोड़वा गांव में कल्लू के बेटे नासिर उर्फ अउवा से कर दिया।

झाड़ियों में शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों का भीड़ लग गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति संभाली और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पश्चिम जितेंद्र श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जानकारी लेकर जांच के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कागज पर 4 नाम के अलावा 4 नंबर भी लिखे

पुलिस को लड़की के शव के पास मिले बैग में रखे कागज पर 4 युवकों के नाम भी लिखे मिले। इसके अलावा एक 4 अंक का नंबर लिखा है। पुलिस ने चारों नामों को अभी उजागर नहीं किया है। यह आशंका है कि 4 नंबर किसी गाड़ी के नंबर हो सकते हैं। हालांकि उसके पहले के राज्य और जिला संबंधी कोई नंबर या शॉर्टकोड नहीं लिखा है।

रायबरेली में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप

कांग्रेस करेगी प्रदर्शन, 1 नवंबर को सड़कों पर उतरेंगे कार्यकर्ता

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वोटों की हेराफेरी के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर प्रदर्शन करेगी। पंकज तिवारी ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोटों की चोरी का मुद्दा उठाया। कहा कि चुनाव आयोग की लापरवाही से गलत नाम काटे-जोड़े जा रहे हैं, जिससे सरकारें बन रही हैं। उन्होंने रायबरेली के 180 सदर विधानसभा के बूथ संख्या 357 का उदाहरण दिया, जहां 593 वोटरों में से 57 फर्जी मिले। आशंका है कि जिले के 2,000 से ज्यादा बूथों पर लाखों फर्जी वोट हो सकते हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह अभियान चल रहा है। इसके तीसरे चरण में 1 तारीख को रायबरेली में बड़ा आंदोलन होगा, जिसमें हजारों कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होंगे।

फास्ट न्यूज

बाइक सवार तीन युवकों ने व्यक्ति को मारी गोली

उन्नाव। उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बाइक सवार तीन युवकों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। गोली जबड़े में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पत्नी के वियोग में युवक ने दी जान

हरदोई। हरदोई के हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के चाऊंपुर गांव में शनिवार रात पत्नी के मायके रहने से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार सुबह चाचा ने बरामदे में शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चाऊँपुर निवासी अभय प्रताप सिंह (32) पुत्र हरिमोहन सिंह दिल्ली की एक निजी फैक्ट्री में काम करते थे। शुक्रवार को ही वह दिल्ली से घर आए थे। रविवार सुबह चाचा इंद्रमोहन सिंह सफाई के लिए पहुंचे तो बरामदे में छत के कुंडे से गमछे के सहारे अभय का शव लटका मिला।

शादी के नाम पर युवक से डेढ़ लाख ठगी

हरदोई। हरदोई के हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के भुसेहरा गांव में शादी कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी और विरोध करने पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। गुलाब (28) पुत्र स्वर्गीय रघुवीर की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गुलाब ने रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी वृद्ध मां के साथ रहता है।

साकेत धाम रामलीला में जलेगा 60 फीट का रावण

154वें वर्ष में हुआ आयोजन, मथुरा-वृंदावन

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। शहर की साकेत धाम रामलीला में रविवार रात विजयादशमी के अवसर पर 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रामलीला कमेटी इस वर्ष आयोजन का 154वां वर्ष मना रही है। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए पंडाल की विशेष सजावट की गई है। इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए परिसर में झूले भी लगाए गए हैं। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। रामलीला कमेटी के प्रबंधक संजीव गुप्ता ने बताया कि साकेत धाम रामलीला की स्थापना वर्ष 1873 में हुई थी। तब से यहां रामलीला का आयोजन परंपरागत रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन को खास बनाने के लिए

तैयारियां की गई हैं। रामलीला में मथुरा-वृंदावन और दिल्ली से कलाकारों को बुलाया गया है। कलाकारों की प्रस्तुतियों के जरिए भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और उनके चरित्र से नई पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार रात करीब 10 बजे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके लिए 60 फीट ऊंचा पुतला तैयार कराया गया है। कमेटी के मुताबिक, जयपुर से आए कलाकार बड़कऊ और उनकी टीम ने पुतले का निर्माण किया है। पुतले को आकर्षक रूप दिया गया है, ताकि रावण दहन का दृश्य देखने आने वाले लोगों को विशेष अनुभव मिल सके। रामलीला आयोजन को लेकर पंडाल को विशेष रूप से सजाया गया है। परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों का उद्देश्य धार्मिक आयोजन के साथ परिवारों और बच्चों के लिए भी आकर्षण उपलब्ध कराना है। रामलीला की पुरानी परंपरा को बनाए रखते हुए इस बार कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारी की गई है। साकेत धाम रामलीला कमेटी की ओर से 27 अक्टूबर को गरबा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसमें दिल्ली और गुजरात के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पहचान पत्र (आईडी) अनिवार्य रहेगा।

'मन की बात' कार्यक्रम का लोगों ने सुना

5 हजार लोग जुटे, प्रधानमंत्री के विचारों को सुना, दिखा महाकुंभ जैसा नजारा

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। गंगाघाट मंडल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का लाइव प्रसारण किया गया। श्रीप्रकाश ज्वाला देवी (ओपीजेडी) ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में करीब पांच हजार लोग शामिल हुए। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में लोगों ने प्रधानमंत्री के रेडियो संबोधन को सुना। आयोजन को लेकर सुबह से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देखते ही देखते मैदान में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना। आयोजन में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान

के साथ किया गया। गंगाघाट मंडल में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के रेडियो संबोधन को सुना। आयोजकों ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए आयोजन के सफल संचालन पर संतोष जताया।

आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह दस बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी इसमें भागीदारी की। दोपहर तक ओपीजेडी ग्राउंड में काफी भीड़ जुट गई। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को आयोजकों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के प्रति उत्साह का प्रतीक बताया।

गंगाघाट मंडल को आयोजन की जिम्मेदारी मिलने पर जताया गर्व

गंगाघाट मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने इस कार्यक्रम के प्रसारण के लिए मंडल को चुने जाने पर गर्व जताया। उन्होंने आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी उत्साहजनक रही। आयोजन के माध्यम से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने का अवसर मिला। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता और नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। आयोजन के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 'परिचय-2026' का आयोजन

वैभव और शीतल बने 'मिस्टर एवं मिस वीजीआई

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। दिल्ली-रुड़की बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'परिचय-2026' फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सोलो एवं ग्रुप परफॉर्मेंस और रैंप वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पंकज कुमार, डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ. राहुल शर्मा, डायरेक्टर (शिक्षा) डॉ. बी.सी. दुबे और प्रिंसिपल डॉ. नितिन राज वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में फार्मेसी डायरेक्टर डॉ. रतेंद्र

कुमार, श्री ब्रजपाल सिंह और श्रीमती मोना चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। रैंप वॉक और अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, रचनात्मकता और आकर्षक व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को खिताब देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तविक जीवन में रचनात्मक सोच और टीमवर्क सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं।

प्रदेश महामंत्री बोले- भाजपा ने 75 पिछड़ी जातियों को संगठन में दिया प्रतिनिधित्व

ऋषि-चौरसिया ने सपा के पीडीए को 'फर्जी' बताया

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को हरदोई स्थित जिला कार्यालय पर दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक और 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' अभियान के तहत 'युवा संवाद–मन की बात' कार्यक्रम शामिल रहा। सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच आयोजित इन कार्यक्रमों में संगठन विस्तार, पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधित्व, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अपनी नीतियों को तथ्यों के आधार पर जनता तक पहुंचाने और युवाओं

को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दिनेश पाल, प्रीतेश दीक्षित, नीरज राजपूत, अतुल सिंह चाऊंपुर और मंच संचालनकर्ता अरविंद यादव समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। हरदोई की 156 विधानसभा सीट के प्रभारी राजकुमार सिंह ने कहा कि जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।

सपा के पीडीए समीकरण को ऋषि चौरसिया ने बताया 'फर्जी'

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश महामंत्री ऋषि चौरसिया ने समाजवादी पार्टी के PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण पर सवाल उठाए। उन्होंने इसे 'फर्जी' करार देते हुए कहा कि भाजपा ने 75 पिछड़ी जातियों को संगठन में समायोजित कर उन्हें प्रतिनिधित्व देने का काम किया है। उनके मुताबिक, पार्टी पिछड़े वर्गों को संगठन में भागीदारी देने पर जोर दे रही है। बैठक में पिछड़े वर्ग के बीच संगठन की पहुंच मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और लोगों के बीच पार्टी के कामकाज की जानकारी साझा करने की अपील की।

31 अक्टूबर को सभी 98 जिलों में मनेगी सरदार पटेल की जयंती

बैठक में आगामी 31 अक्टूबर को सभी 98 जिलों में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन के जरिए सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्र की एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे तथ्यों के आधार पर पार्टी की नीतियां जनता के सामने रखें।

युवा संवाद में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना

पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक के बाद जिला कार्यालय पर 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' अभियान के तहत 'युवा संवाद–मन की बात' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा पदाधिकारियों और युवा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

तैयारी : 5 नवंबर तक चलेगा, कौमी एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक

ऐतिहासिक देवा मेला 27 अक्टूबर से शुरू

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। जिले के देवा में सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की याद में लगने वाला प्रसिद्ध देवा मेला 27 अक्टूबर से शुरू होगा। पांच नवंबर तक चलने वाले इस मेले को कौमी एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। हर साल उत्तर प्रदेश समेत दूसरे राज्यों से लाखों लोग मेले में पहुंचते हैं। दस दिनों तक चलने वाला यह आयोजन धार्मिक गतिविधियों के साथ व्यापार, मनोरंजन, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रमुख केंद्र रहता है। मेले के ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें मुशायरा, कवि सम्मेलन और म्यूजिक नाइट जैसे आयोजन शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से साहित्य, कविता और

संगीत के शौकीनों को एक मंच मिलता है। मेले की सांस्कृतिक गतिविधियां इसे केवल व्यापारिक आयोजन तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों की कला और परंपराओं को भी सामने लाती हैं। देवा मेले में खेल गतिविधियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाती है। खेल मैदान में हॉकी, बैडमिंटन और दंगल प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल और मनोरंजन से जुड़े आयोजन मेले में आने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त आकर्षण का केंद्र रहते हैं।

मेले के आयोजन पर होने वाला खर्च दुकानों, झूलों और पशु बाजार से मिलने वाले किराये के माध्यम से पूरा किया जाता है। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि मेले की आय और व्यय में पारदर्शिता रखी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित ब्योरा सार्वजनिक है।

छह सेक्टरों में बांटा गया मेला परिसर

देवा मेला परिसर को व्यवस्थित संचालन के लिए छह सेक्टरों में बांटा गया है। यहां अलग-अलग स्थानों पर व्यापारिक गतिविधियों, पशु बाजार, झूलों और खानपान की दुकानों की व्यवस्था की जाती है। मेले में आने वाले लोगों को खरीदारी और मनोरंजन के कई विकल्प मिलते हैं। कृषि यंत्रों के साथ लोहे और लकड़ी से बने सामान की दुकानें भी सजाई जाती हैं।

दुकानों और पशु बाजार के किराये से पूरा होता है खर्च

देवा मेला हर साल धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव, व्यापार और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए लोगों को एक मंच पर लाता है। खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मेले की पारंपरिक पहचान देखने को मिलेगी।

देवा मेले का पशु बाजार प्रमुख आकर्षणों में शामिल है। यहां घोड़े, गधे, खच्चर, भैंस और बकरियों की खरीद-फरोख्त होती है। पशुपालक और व्यापारी अलग-अलग स्थानों से पशुओं के साथ मेले में पहुंचते हैं। पशु बाजार के अलावा कृषि उपकरणों और घरेलू उपयोग के सामान की दुकानें भी लोगों को आकर्षित करती हैं।

निजी-अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत

परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, नवजात सुरक्षित

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में सांडी चुंगी-बिलग्राम चुंगी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के करीब छह घंटे बाद शनिवार देर रात 12:45 बजे 28 वर्षीय प्रसूता की मौत हो गई। महिला ने बेटे को जन्म दिया था। उसकी मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रविवार तड़के अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। पुलिस के कार्रवाई का आश्वासन देने पर परिजन शांत हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र मामला सुरसा थाना क्षेत्र के थोथेपुरवा गांव का है। मृतका के

भाई उत्तम कुमार ने बताया कि उनकी बहन ज्योति को 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 24 अक्टूबर की शाम करीब 6:20 बजे उसने बेटे को जन्म दिया। नवजात सुरक्षित है, लेकिन देर रात करीब 12:45 बजे ज्योति की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। उत्तम कुमार का आरोप है कि प्रसव के बाद ज्योति को तेज दर्द हो रहा था और ब्लीडिंग भी हो रही थी। इसके बावजूद अस्पताल के स्टाफ ने उसकी समुचित देखभाल नहीं की। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान हुई लापरवाही के कारण रक्तस्राव नहीं रुका, जिससे ज्योति की जान चली गई। घटना के बाद अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार बताया जा रहा है। ज्योति की शादी वर्ष 2015 में सुनील के साथ हुई थी। उसके पहले से आठ वर्षीय बेटा अनिकेत और तीन वर्षीय बेटी अनुष्का हैं। तीसरे बच्चे के जन्म के बाद मां की मौत से परिवार में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सम्पादकीय

बेलगाम फार्मा कंपनियां

फार्मा कंपनियों की अनैतिक गतिविधियां विश्व भर में चिंता का कारण हैं। इन कंपनियों के अनुचित तौर-तरीके भारत में भी चर्चा के केंद्र में आते रहे हैं। कुछ समय पहले एक याचिका के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट से फार्मा कंपनियों के अनैतिक आचरण पर रोक लगाने की जो मांग की गई थी, उसके चलते सरकार ने इन कंपनियों की मार्केटिंग संबंधी रीति-नीति तय करने के लिए तीन सदस्यों वाली समिति गठित करने का फैसला लिया। यह समिति दो माह में अपनी रिपोर्ट देगी।

यह पहली बार नहीं, जब सुप्रीम कोर्ट ने फार्मा कंपनियों के उन तौर-तरीकों को गंभीरता से लिया हो, जिनके चलते लोगों को महंगी दवाएं खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ता है। कुछ ही समय पहले उसने सवाल किया था कि आखिर 27 सौ की किसी दवा की कीमत मरीज तक पहुंचते-पहुंचते 27 हजार की कैसे हो जाती है? सुप्रीम कोर्ट ने इसे डकैती की संज्ञा दी थी। इस डकैती के मूल में फार्मा कंपनियों के अनैतिक तरीके और उनकी बेलगाम मुनाफाखोरी है। इसमें कुछ डाक्टर, निजी अस्पताल भी भागीदार बनते हैं और इसकी कीमत चुकाते हैं आम लोग।

फार्मा कंपनियों के अनुचित-अनैतिक तरीकों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने कुछ समय पहले दिशानिर्देश जारी किए थे, जैसे कि ये कंपनियां डाक्टरों को महंगे उपहार या नकदी नहीं दे सकतीं, मनोरंजन या सेमिनार के नाम पर देश-विदेश की सैर नहीं करा सकतीं। इसके अतिरिक्त दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उपाय करने और आधिकारिक अनुमति के पहले किसी दवा का प्रचार न करने के भी निर्देश दिए गए थे, लेकिन इन निर्देशों का कोई असर नहीं हुआ। कुछ डाक्टरों-निजी अस्पतालों और फार्मा कंपनियों का अनैतिक गठजोड़ टूटा नहीं। इसके नतीजे में जेनरिक दवाओं का अपेक्षित प्रचार-प्रसार भी नहीं हो पाया। इन सबका दुष्परिणाम आम लोग उठा रहे हैं। वे स्वास्थ्य रक्षा के लिए डाक्टरों की लिखी महंगी दवा खरीदते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वह दवा उनकी सेहत में सुधार करे ही। कई बार ब्रांडेड यानी महंगी दवा का मतलब अच्छी गुणवत्ता वाली दवा नहीं भी होता। इससे खराब बात और कोई नहीं हो सकती कि फार्मा कंपनियों की अनैतिकता के चलते लोगों की जेब तो हल्की हो ही, उनकी सेहत भी न सुधरे। यह एक तथ्य है कि अपने देश में प्रायः अनेक दवाओं की गुणवत्ता दोयम दर्जे की पाई जाती है। इसका मतलब है कि जिन नियामक-निगरानी संस्थाओं पर दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और साथ ही उनके मूल्यों का उचित निर्धारण करने की जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही ढंग से नहीं कर पा रही हैं। ऐसे में जो समिति गठित होने जा रही है, उसकी सिफारिशों को वैधानिक रूप दिया जाए, ताकि फार्मा कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगे।

सऊदी अरब में हूतियों के हमले और इस्लामिक नाटो की स्वार्थपूर्ण नीति

सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के ग्रह नक्षत्र ख़राब ही चल रहे हैं। इजरायल ने बुलाया अमेरिका को कि ईरान पर हमला करना है। जंग अमेरिका और ईरान की और क्रॉसफायर में आ गया सऊदी अरब, वो सऊदी अरब जिसके पास तेल की ताकत है। वो सऊदी अरब जो ट्रंप के भरोसे बैठा था कि उसकी रक्षा अमेरिका करेगा और जब लगा कि नहीं कर पा रहा तो तुर्की और पाकिस्तान को ले आया था इस्लामी नाटो जैसे समझौते के नीचे लेकिन यह नाटो भी कुछ काम नहीं आ रहा। यमन के हूती लड़ाकों ने नाकों चने चबवा रखे हैं और वो एक-एक करके प्रिंस के सारे सपने तोड़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान, तुर्की, अमेरिका कह रहे है हम संभाल लेंगे, लेकिन संभाल कोई नहीं रहा। मोहम्मद बिन सलमान चोट पर चोट खाए जा रहा है। बहुत जतन किए थे प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अपनी ताकत मजबूत करने के लिए। 2015 में जब उनके पिता किंग सलमान राजा बने तो उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया। तब से उन्होंने धीरे-धीरे सत्ता अपने हाथ में ली। 2017 में उन्होंने अपने चचेरे भाई मोहम्मद बिन नायेफ को हटाकर खुद को क्राउन प्रिंस बना लिया। उसी साल रिट्ज-कार्लटन होटल में बड़े-बड़े राजकुमारों और व्यापारियों को गिरफ्तार करके ऐंटी-करप्शन अभियान चलाया। इससे विरोधियों को साफ संदेश गया कि अब उन्हें कोई चुनौती नहीं दे सकता। प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने तेल पर निर्भरता कम करने के लिए बड़े-बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए थे। नीओम नाम का दुनिया का सबसे आधुनिक शहर बनाने जा रहे थे। लाल सागर पर टूरिज्म प्रॉजेक्ट लॉन्च किए ताकि टूरिज्म सिर्फ हज और उमराह वाला ही ना हो। सिनेमाघर खोले, कॉन्सर्ट शुरू किए, महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी और वहां की धार्मिक पुलिस की सख़्ती कम की। जानकारों के अनुसार विदेश नीति में भी उन्होंने कई दांव खेले। पहले तो सारे दांव सही पड़ते गए। 2015 में यमन में हूती लड़ाकों के ख़िलाफ अभियान शुरू किया। कतर के खिलाफ नाकाबंदी लगाई। अमेरिका के साथ, खासकर ट्रंप के समय में, बहुत करीबी रिश्ते बनाए और भारी हथियार खरीदे। 2023 में चीन की मदद से ईरान के साथ भी समझौता कर लिया। इस्लामी देशों का लीडर कौन होगा शिया ईरान या सुन्नी सऊदी अरब, पहले यही तनाव चलता रहता था। वो तनाव कम करने के लिए ईरान के साथ भी समझौता कर लिया था क्योंकि उनको स्थिरता चाहिए थी ताकि उनका विजन 2030 साकार हो। दुनिया भर में बड़े-बड़े निवेश किए। फ़ुटबॉल क्लब खरीदे, गॉल्फ लीग शुरू की और खेलों के ज़रिए देश की छवि बदली। यही नहीं, मोहम्मद बिन सलमान ने सऊदी अरब को सुरक्षित करने के लिए तुर्की और पाकिस्तान के साथ सिक्योरिटी पैक्ट किया। हूतियों के प्रचंड प्रहार के सामने कथित इस्लामिक नाटो की भी धज्जियां उड़ चुकी हैं।

एमबीएस के नाम से प्रिंस दुनिया भर के चहेते होते जा रहे थे लेकिन 2026 में किसी की ऐसी नजर लगी कि सब दांव उल्टे पड़ते चले गए। ईरान अमेरिका युद्ध ने सब बदल दिया है। एमबीएस ने सोचा था कि सऊदी अरब को सिर्फ तेल से नहीं बल्कि टूरिज्म, मनोरंजन, नए शहरों और विदेशी निवेश से आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए उन्होंने देश को सुरक्षित, आधुनिक और खुला दिखाने पर पूरा ज़ोर लगाया था। एयरपोर्ट्स को दुनिया से जोड़ने वाले गेटवे बनाया, बड़े सम्मेलन बुलाए, निवेशकों को बुलाया लेकिन अब रियाद और दम्माम जैसे एयरपोर्ट बार-बार निशाने पर आ रहे हैं, फ्लाइटें रद्द हो रही हैं, लोग डरे हुए हैं। जब राजधानी में मिसाइलें गिरें और विदेशियों की जान जाए तो निवेशक और टूरिस्ट कैसे आएंगे? वो चमक जो उन्होंने बनाई थी, अब धुंधली पड़ रही है। एमबीएस को उम्मीद थी कि ट्रंप के साथ रिश्ते और हथियारों की खरीद से सऊदी अरब को ईरान और उसके समर्थन वाले गुटों से पूरी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने सोचा था कि अमेरिका आगे खड़ा रहेगा लेकिन जब हूती विद्रोहियों के हमले बढ़े तो अमेरिका ने अपने स्टाफ और उनके परिवारों को सबसे पहले वहां से निकाल लिया। तीसरा दांव यमन में चला था प्रिंस ने कि हूतियों के खिलाफ लंबे समय से चल रही लड़ाई से उनका दक्षिणी बॉर्डर सुरक्षित रहेगा लेकिन सऊदी अरब के ट्रंप के साथ होने से ईरान ने हूती लड़ाकों को मदद और बढ़ा दी। जो बैलेंस एमबीएस बनाने की कोशिश कर रहे थे कि एक तरफ अमेरिका के साथ खड़े रहना और दूसरी तरफ ईरान के साथ शांति बनाए रखना, जब मुख्य लड़ाई छिड़ी तो ये संतुलन टूट गया। अमेरका से हथियार ख़रीदने का दांव भी फ़ेल हो गया। बताया जा रहा है जो सैकड़ों करोड़ों खर्च करके पेट्रियट जैसे एयर डिफेंस सिस्टम खरीदे अमेरिका से, वो काम नहीं आ पा रहे। ट्रंप अपने चुनावों में बिज़ी हैं। वो इस वक्त सिर्फ़ ज़बानी मदद पहुंचा रहे हैं

जानकारों की माने तो मोहम्मद बिन सलमान का रक्षा समझौता था तुर्की और पाकिस्तान के साथ लेकिन वो भी काम नहीं आ रहा। पाकिस्तान और तुर्की दोनों सीधे लड़ाई में नहीं उतर रहे। कहने को तो पाकिस्तान समझौते को इस्लामिक नाटो बोल रहा था लेकिन जब लड़ने की बारी आई तो दोनों अपने हित देख रहे हैं। तुर्की ने साफ कह दिया है कि वो आक्रामक लड़ाई में नहीं उतरेगा। उसके विदेश मंत्री ने कह दिया कि तुर्की किसी दूसरे देश की जमीन पर जाकर हमला करने के लिए फौज नहीं भेजेगा। समझौता रक्षा के लिए है, हमले के लिए नहीं। वो एयर डिफेंस, तकनीकी मदद, ड्रोन या निगरानी जैसी चीजें दे सकता है लेकिन यमन में हूती लड़ाकों के खिलाफ सीधे लड़ने नहीं जाएगा। तुर्की को संसद की मंजूरी चाहिए बड़ी फौज भेजने के लिए और वो ईरान से पूरी तरह उलझना नहीं चाहता। लाल सागर में उसके अपने हित भी हैं और वो कूटनीति पर ज्यादा भरोसा करने की बात कर रहा है। इसलिए अभी तक उसकी मदद सिमटी हुई है। जानकारों के अनुसार पाकिस्तान की स्थिति थोड़ी अलग बताई जा रही है। उसके तो पुराने समझौतों के तहत पहले से सऊदी अरब में हजारों सैनिक हैं लेकिन वो सिर्फ़ एयर डिफेंस और समर्थन वाली भूमिका निभा रहा है। उसके रक्षा मंत्री ने कहा है कि लड़ाई मुख्य रूप से सऊदी अरब की फौज कर रही हैं, पाकिस्तान सहयोग दे रहा है लेकिन वो भी पूरी ताकत से यमन में जमीन पर नहीं उतर रहा।

- रामस्वरूप रावतसरे

> अब दम्माम के एयरपोर्ट पर हमला हो गया। पहले रियाद के एयरपोर्ट पर हमला हो गया था। उसके तेल के कुओं पर हमले हो रहे हैं। उसकी तेल की रिफाइनरियों पर हमले हो रहे हैं। उसकी तेल की पाइपलाइन पर हमला हो चुका है।

शून्य से भी कई ...

अशोक भाटिया

ड्रैगन का पुराना ढर्रा और भारत का नया संकल्प

24 अक्टूबर को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने अपने स्थापना दिवस की 65वीं वर्षगांठ मनाई है, जो भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उसके अडिग संकल्प को दर्शाती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईटीबीपी के जांबाज 'हिमवीरों' को बधाई देते हुए उनके असाधारण शौर्य और पराक्रम की सराहना की। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में विशेष रूप से रेखांकित किया कि आईटीबीपी के इन वीर जवानों ने हमेशा खुद को असाधारण वीरता के माध्यम से साबित किया है और हर चुनौती का सामना एक अनुकरणीय व अटूट दृढ़ संकल्प के साथ किया है। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रति इन जवानों की यह निस्वार्थ सेवा और सर्वोच्च बलिदान संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक महान और अटूट प्रेरणा का स्रोत है।

शून्य से भी कई डिग्री नीचे के हाड़ कपाने वाले तापमान, भयानक बर्फीले तूफानों और 18,000 फीट तक की अत्यंत दुर्गम चोटियों पर तैनात आईटीबीपी के ये हिमवीर आज चीन के दशकों पुराने विस्तारवादी ढर्रे के मुकाबले भारत की सामरिक आत्मनिर्भरता और अदम्य साहस की सबसे मजबूत अग्रिम दीवार बनकर खड़े हैं। यह वर्षगांठ केवल एक विशिष्ट सुरक्षा बल के शौर्य का उत्सव नहीं है, बल्कि यह बीजिंग की भू-राजनीतिक चालाकियों के सामने नई दिल्ली के उस बदलते रक्षा प्रतिमान और नए रणनीतिक संकल्प की हुंकार है जो अब किसी भी प्रकार के बाहरी दबाव के आगे घुटने टेकने को तैयार नहीं है। चीन की सामरिक संस्कृति हमेशा से 'सलामी स्लाइसिंग' यानी किश्तों में पड़ोसियों की जमीन हड़पने और द्विपक्षीय समझौतों को दरकिनार कर 'यथास्थिति को एकतरफा बदलने' के पुराने ढर्रे पर आधारित रही है। सन 1962 के धोखेबाज आक्रमण से लेकर 2020 के गलवान संघर्ष और उसके बाद की लंबी सैन्य तनातनी तक, बीजिंग का एक ही ढर्रा रहा है कि कूटनीतिक मेज पर शांति का ढोंग रचाया जाए और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चुपके से सैन्य बुनियादी ढांचे का विस्तार करके नया दावा ठोक दिया जाए। चीन की इस विस्तारवादी नीति में बड़े पैमाने पर सैनिकों का जमावड़ा करना, विवादित या बिना सीमांकन वाले क्षेत्रों में बंकर, पुल, हवाई पट्टियां बनाना और सीमावर्ती मॉडल गांव बसाकर स्थायी अतिक्रमण करना शामिल रहा है। चीन का पुराना ढर्रा हमेशा इस धारणा पर काम करता था कि भारत कूटनीतिक बयानों और रक्षात्मक प्रतिक्रियाओं तक ही सीमित रहेगा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस पुरानी और ऐतिहासिक हिचकिचाहट को पूरी तरह से त्याग दिया है। आज का भारत बीजिंग को उसी की सैन्य और कूटनीतिक भाषा में दोटूक जवाब दे रहा है, जिसका सीधा संदेश है कि भारत शांति का प्रबल समर्थक है लेकिन अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की कीमत पर किसी भी प्रकार का समझौता कभी नहीं करेगा। भारत का यह नया संकल्प सीमाओं पर केवल सैन्य तैनाती बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक अभूतपूर्व रणनीतिक आधुनिकीकरण शामिल है। भारत ने डारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी सड़क, ज़ोजिला टनल और अटल टनल जैसी कई महत्वपूर्ण और हर मौसम में चालू रहने वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को रिकॉर्ड गति से पूरा किया है, जिससे अब भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों की सीमा तक पहुंच कुछ ही घंटों में संभव हो गई है। इसके साथ ही चीन के मॉडल गांवों के जवाब में भारत ने 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' शुरू किया है, जिसके तहत सीमावर्ती गांवों में आधुनिक सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं ताकि वहां से जनसांख्यिकीय पलायन रुके और स्थानीय नागरिक देश की सुरक्षा की पहली अग्रिम पंक्ति के रूप में सुदृढ़ बने रहें। आर्थिक मोर्चे पर भी भारत ने चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने और रणनीतिक क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नियमों को कड़ा करके चीन पर अपनी निर्भरता को न्यूनतम करने का एक सशक्त चक्रव्यूह तैयार किया है। 1962 के भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद स्थापित किए गए इस विशिष्ट बल ने पिछले 65 वर्षों में काराकोरम दर्रे से लेकर अरुणाचल प्रदेश के जेचप ला तक फैले 3,488 किलोमीटर लंबे अत्यंत कठिन हिमालयी मोर्चे की रखवाली करते हुए शौर्य की जो अमिट इबारत लिखी है, वह अद्वितीय है। देश के गृह मंत्रालय के अनुसार आईटीबीपी की अधिकांश सीमा चौकियां 9,000 से लेकर 18,800 फीट की अत्यधिक ऊंचाइयों पर स्थित हैं, जहां सर्दियों में तापमान शून्य से 45 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिर जाता है।

प्रदेश के ...

निधि वर्मा

उत्तर प्रदेश की मोती संवर्धन योजना ग्रामीण विकास और स्वरोजगार की नई पहल

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मत्स्य क्षेत्र में नवाचार आधारित गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से ष्उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजनाष् लागू की गई है। यह योजना किसानोंए मत्स्य पालकों तथा ग्रामीण युवाओं को मोती उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना के विस्तृत दिशा.निर्देशों के अनुसार इसे वैज्ञानिकए तकनीकी और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाएगाए इससे प्रदेश में मत्स्य आधारित उद्यमशीलता को नई गति मिलेगी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की रोजगारपरक नीतियों के तहत उ0प्र0 मोती संवर्धन योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के जल संसाधनों का समुचित उपयोग कर मोती उत्पादन को बढ़ावा देनाए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजित करनाए किसानों की आय में वृद्धि करना तथा मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देना है। प्रदेश के गंगा एवं यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में उपलब्ध मीठे पानी की सीप ;डनेमसेद्ध का उपयोग कर बड़े स्तर पर मोती उत्पादन किया जा सकता हैए जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विदेशी मुद्रा अर्जन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

इस योजना के दिशा.निर्देशों के अनुसार निजी भूमि पर निर्मित खेत तालाब अथवा निजी तालाबों में मोती पालन किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम 440 वर्गमीटर क्षेत्रफल अथवा 0ण्500 एकड़ से लेकर अधिकतम 1 एकड़ तक के तालाब होना जरूरी है। जिन तालाबों में वर्षभर न्यूनतम 1ण्50 मीटर जल स्तर बना रहंता होए उन्हीं को योजना में शामिल किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों में मोती पालन कराया जाएगा। पहली इकाई में 2000 सीपए दूसरी इकाई में 5000 सीप तथा तीसरी इकाई में 15000 सीपों का निवेश किया जाएगा।

2000 सीप वाली इकाई की कुल लागत 1ण्50 लाख रुपये निर्धारित की गई हैण् जिसमें सीप क्रयए न्यूक्लियस क्रयए सर्जरीए ऑक्सीजन सेंटए फीड तथा मॉनिटरिंग आदि खर्च शामिल हैं। इस इकाई से लगभग 2400 मोतियों का उत्पादन होने का अनुमान है और करीब 90 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभप्राप्त किया जा सकेगा। 5000 सीप वाली इकाई की लागत 3ण्50 लाख रुपये होगीए जिससे लगभग 6000 मोतियों का उत्पादन तथा 2ण्50 लाख रुपये तक का अनुमानित शुद्ध लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसी प्रकार 15000 सीपों वाली इकाई की कुल लागत 10 लाख रुपये निर्धारित की गई हैए जिससे लगभग 18000 मोतियों का उत्पादन होने तथा लगभग 8 लाख रुपये तक शुद्ध लाभ मिलने का अनुमान है। उ0प्र0 मोती संवर्धन योजना का संचालन 40 प्रतिशत राज्यांश और 60 प्रतिशत लाभार्थी अंश के फंडिंग पैटर्न पर किया जाएगा। सरकार द्वारा यह योजना प्रारंभिक रूप से चयनित मंडलों के कुछ जनपदों में क्लस्टर आधारित पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित की जाएगी। प्रथम फसल ;भ्ंतअमेजद्ध के सफल उत्पादन के बाद इसे अन्य जनपदों में विस्तारित करने की कार्यवाही की जाएगी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मत्स्य विभाग द्वारा इम्पैनल्ड एजेंसियों का चयन किया जाएगाए जो तकनीकी मार्गदर्शनए प्रशिक्षणए निरीक्षण और परियोजना संचालन में सहयोग प्रदान करेंगी।

पटरियों पर पत्थर, स्टेशनों पर सैलाब और सुरक्षा की परीक्षा!

चलती ट्रेन पर फेंका गया एक पत्थर किसी यात्री की जान ले सकता है। त्योहारों के दौरान स्टेशन पर उमड़ी भीड़ कुछ ही मिनटों में भगदड़ का रूप ले सकती है। शिकायतों पर समय से कार्रवाई न हो तो यात्रियों का सुरक्षा व्यवस्था से भरोसा उठने लगता है। इसलिए रेल सुरक्षा की असली कसौटी केवल अपराधियों की गिरफ्तारी या घटनाओं के बाद जारी निर्देश नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं और अव्यवस्था को समय रहते रोकने की क्षमता है। नई दिल्ली में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के आठवें अखिल भारतीय सम्मेलन में रेल सुरक्षा से जुड़ी इन चुनौतियों पर चर्चा हुई। सम्मेलन में आरपीएफ की महानिदेशक सोनाली मिश्रा, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार तथा विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रमुख शामिल हुए। ऐसे सम्मेलन अनुभव साझा करने और बेहतर रणनीति बनाने का अवसर देते हैं। लेकिन इनकी उपयोगिता तभी साबित होगी, जब चर्चा से निकले सुझाव जमीन पर दिखाई दें। रेलवे देश की जीवनरेखा है। प्रतिदिन करोड़ों यात्रियों की आवाजाही और विशाल रेल नेटवर्क की सुरक्षा के लिए केवल पुलिस बल की मौजूदगी पर्याप्त नहीं है। इसके लिए तकनीक, प्रशिक्षित कर्मियों, स्थानीय प्रशासन, समुदाय और यात्रियों के बीच तालमेल जरूरी है। रेल सुरक्षा को महज कानून-व्यवस्था का विषय मानना भी अधूरा दृष्टिकोण होगा। इसके भीतर सामाजिक व्यवहार, सार्वजनिक सुविधाओं, जवाबदेही और नागरिक चेतना के प्रश्न भी शामिल हैं। चलती ट्रेनों पर पत्थर फेंकने की घटनाएं इसी चुनौती का उदाहरण हैं। पत्थर खिड़की से भीतर आकर यात्रियों को घायल कर सकता है, बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है ।

- कुमार कृष्णन

जरा हटके

योजनाओं के क्रियान्वयन...

डॉ0 सीमा गुप्ता

जौनपुर में आवास और स्वच्छता के समन्वय से संवरता परिवारों का जीवन

प्रदेश में संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी समन्वय से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों के जीवन स्तर में निरंतरता से गुणात्मक सुधार होता जा रहा है। इसी क्रम में जनपद जौनपुर के ग्रामीण अंचल में बुनियादी सुविधाओं की सुगम पहुंच ने अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर साकार किया है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन के समेकित क्रियान्वयन से जनपद के दूरदराज क्षेत्रों में सुरक्षित आशियाना और गरिमापूर्ण जीवन का वातावरण निर्मित हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा जौनपुर के विभिन्न विकासखंडों में योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण का अभियान सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। विकासखंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत चोरहा में सामने आई लाभार्थियों की वास्तविक अनुभूतियां इस प्रशासनिक तत्परता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। दशकों से आर्थिक अभाव, असुरक्षा और कच्चे खपरैल मकानों में जीवन व्यतीत करने वाले जरूरतमंद परिवारों को जब वर्तमान प्रदेश सरकार से पक्के आवास और निजी शौचालय का संबल मिला, तो उनके जीवन में सामाजिक सम्मान और सुरक्षा का नया अध्याय शुरू हुआ।

ग्राम पंचायत चोरहा की निवासी श्रीमती प्रेमा देवी का जीवन इस बदलाव का सजीव उदाहरण है। उन्होंने बताया कि पूर्व में पक्के मकान और शौचालय के अभाव में उनके परिवार को भीषण मौसम और असुरक्षित परिस्थितियों से जूझना पड़ता था। वर्षा और ठंड के मौसम में कच्चे घर की अस्थिरता दैनिक चिंता का कारण बनी रहती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान और स्वच्छ भारत मिशन से व्यक्तिगत शौचालय मिलने के उपरांत अब उनका परिवार पूर्णतः सुरक्षित और सम्मानित जीवन व्यतीत कर रहा है। इसी ग्राम पंचायत की श्रीमती प्रभावती देवी ने बताया कि अपने पक्के घर का निर्माण उनके परिवार का वर्षों पुराना सपना था, जो अत्यंत सीमित आर्थिक संसाधनों के चलते असंभव सा प्रतीत होता था। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से उनके बैंक खाते में सीधे वित्तीय सहायता पहुंची और आवास का निर्माण सुगमता से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सिर पर पक्की छत मिलने से न केवल प्राकृतिक आपदाओं का भय समाप्त हुआ, बल्कि परिवार को एक स्थायी पहचान और सुरक्षित भविष्य प्राप्त हुआ है। ग्राम चोरहा के ही श्री अक्षय लाल सरोज के अनुसार आवास के साथ ही शौचालय की उपलब्धता ने उनके परिवार की दिनचर्या और सामाजिक गरिमा को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया है। खुले में शौच की विवशता से मुक्ति मिलने से परिवार के सदस्यों, विशेषकर वृद्धों और महिलाओं को अत्यधिक सुविधा और सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि बिना किसी अवरोध के दोनों योजनाओं का लाभ मिलने से उनका परिवार अब स्वच्छ, स्वास्थ्यप्रद और आत्मनिर्भर परिवेश में जीवन व्यतीत कर रहा है। जनपद जौनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन के अभिसरण ने ग्रामीण विकास की नई कार्यसंस्कृति स्थापित की है। जिला प्रशासन ने यह नीतिगत व्यवस्था सुनिश्चित की है कि प्रत्येक स्वीकृत आवास के साथ अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का निर्माण कराया जाए। इस प्रशासनिक समन्वय से आवास केवल एक भौतिक ढांचा न रहकर एक संपूर्ण पारिवारिक सुरक्षा तंत्र में बदल गया है, जिसमें स्वच्छता और गरिमा को प्राथमिक आवश्यकता के रूप में समाहित किया गया है।

योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण शुचिता, निष्पक्षता और गति बनाए रखने के लिए डिजिटल सत्यापन तकनीक और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का कड़ाई से पालन किया गया है। जौनपुर में आवास निर्माण के विभिन्न चरणों की भू-स्थानिक मैपिंग (जियो-टैगिंग) के माध्यम से नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाता है। सहायता राशि का अंतरण सीधे लाभार्थी के आधार-संबद्ध बैंक खाते में पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से किए जाने से बिचौलियों और अनुचित हस्तक्षेप की संभावना पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से जनपद में आवासों का पंजीकरण परिवार की महिला मुखिया के नाम अथवा संयुक्त रूप से किया जाना एक युगांतरकारी कदम सिद्ध हुआ है। इस व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को विधिक परिसंपत्ति अधिकार प्राप्त हुए हैं, जिससे परिवार और समाज में उनके निर्णय लेने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इसके साथ ही मनरेगा के तहत मिलने वाले अकुशल मजदूरी के प्राविधान ने लाभार्थियों को अपने ही आवास निर्माण में अतिरिक्त आर्थिक संबल प्रदान किया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद जौनपुर की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के स्थायी ढांचे का निर्माण मिशन मोड में संचालित है। खुले में शौच से मुक्ति के लक्ष्य को स्थायी बनाए रखने के साथ ही अब ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाने के लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है। व्यक्तिगत शौचालयों के अतिरिक्त हाट-बाजारों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराकर उनका सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया है। सुलभ और सुरक्षित स्वच्छता तंत्र के विकास ने जनपद के जन-स्वास्थ्य संकेतकों में गुणात्मक सुधार दर्ज कराया है। ग्रामीण अंचल में डायरिया, हैजा और अन्य जल-जनित तथा संक्रामक रोगों के प्रसार में भारी गिरावट आई है।

'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जन-संवाद, स्थलीय सत्यापन और त्वरित समाधान प्रणाली ने शासन और नागरिकों के बीच प्रशासनिक विश्वास को नया आयाम दिया है। नियमित समीक्षा और निगरानी से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनपद का कोई भी पात्र परिवार विभागीय प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण वंचित न रहे। पारदर्शिता की इस व्यवस्था ने अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाया है। विकासखंड मछलीशहर के ग्राम चोरहा के लाभार्थियों के अनुभव समूचे जनपद जौनपुर में आकार ले रहे व्यापक सामाजिक-आर्थिक पुनरुत्थान का प्रमाण हैं। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के पारदर्शी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ संचालित जन-कल्याणकारी योजनाएं आज पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ समाज के निर्बलतम वर्ग के जीवन में चिरस्थायी आत्मविश्वास भर रही हैं।

वीडियो में बोला- पापा पैसे अपने पास रखो, मां ने भी आग लगाकर जान दी थी

बीए के छात्र ने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को मारी गोली

आत्महत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी। झांसी में रविवार को 19 साल के बीए के छात्र ने सुसाइड कर लिया। उसने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। फायरिंग की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। दरवाजा बंद होने पर उन्होंने छात्र के पिता को फोन किया। उस वक्त पिता और छात्र की सौतेली मां खेत पर गए थे। दोनों घर पहुंचे और छात्र को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र अपने पिता की इकलौती संतान था। उसके पिता ग्राम विकास अधिकारी के पद से रिटायर हैं।

उन्होंने दो शादियां की थीं। घटना सुबह 10 बजे की है। पुलिस को छात्र के मोबाइल से एक वीडियो मिला है, जो उसने सुसाइड करने से पहले बनाया था। वीडियो में उसने कहा- मैंने अपने पापा को कष्ट दिए हैं। जब तक रहूंगा उन्हें कष्ट देता रहूंगा। अब मैं अपनी मां के पास जा रहा हूं। अपने पैसे अपने पास रखो।

फर्श पर पड़ा था लव, पास में मिली पिस्टल

मुन्नालाल ने बताया कि वह दौड़कर घर पहुंचे। कमरे का दरवाजा खोला तो लव फर्श पर पड़ा था। उसके पास ही पिस्टल पड़ी थी। वह लव को लेकर गुरसराय के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिवार के लोगों से पूछताछ की, जबकि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान लव के मोबाइल में एक वीडियो मिला, जो उसने घटना से पहले बनाया था। लव के पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अक्सर तनाव में रहता था। इस वजह से उसकी तबीयत भी खराब रहती थी। उसे रात में नींद नहीं आती थी।

ये तस्वीर लव की है। वह बीए सेकेंड ईयर का छात्र था।

वीडियो में लव ने क्या कहा?

लव ने वीडियो में अपने माता-पिता से मिले कष्टों का जिक्र किया।

उसने अपनी मां की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह उनके पास जा रहा है।

उसने यह भी कहा कि इस घटना के लिए उसके दोस्तों, परिवार या किसी रिश्तेदार की गलती नहीं है। CO गरौठा पीयूष कुमार पांडेय ने बताया कि युवक ने कमरे को अंदर से बंद कर पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारी।

उसके पिता से पूछताछ की गई है। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं है। उसके मोबाइल से घटना से पहले बनाया गया वीडियो मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आरएसएस पदाधिकारियों के साथ विनोद तावड़े की बैठक

विधानसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति, कहा- कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि रहें

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने रविवार को संगठन के नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े समविचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साकेत निलयम में हुई इस बैठक में चुनावी तैयारियों को लेकर संगठन की मजबूती और आपसी तालमेल बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक में संघ और समान विचारधारा वाले संगठनों के सहयोग से चुनावी अभियान को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

साथ ही, पार्टी के भीतर खींचतान वाली सीटों पर समन्वय बनाने और सभी नेताओं को सक्रिय करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बीते समय में

समविचारी संगठनों की समन्वय बैठकों में भाजपा का प्रतिनिधित्व कम रहने की बात सामने आती रही है। संगठन के भीतर चल रही उठापटक के बीच तावड़े की इस पहल को आपसी तालमेल मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण सीटों में गोसाईगंज भी शामिल है। यहां पार्टी के दो प्रमुख नेता अलग-अलग समय पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। तावड़े के दौरे के दौरान दोनों कई मौकों पर साथ नजर आए।

जिन सीटों पर नेताओं के बीच खींचतान है, वहां समन्वय बनाकर काम करने की रणनीति पर जोर दिया गया। इसके साथ ही पीडीए की काट के लिए सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की बात कही गई।

तावड़े ने निर्देश दिया कि सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रमों में संबंधित क्षेत्र के राष्ट्रीय, प्रांतीय, क्षेत्रीय और जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उनका मानना है कि सभी की सहभागिता से सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचेगा और लोगों के बीच पैदा किए जा रहे भ्रम को दूर करने में मदद मिलेगी।

फास्ट न्यूज

संभल में कार ने बाइक सवार को रौंदा

संभल। संभल में रविवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार हाफिज की मौत हो गई। वह घर से दुकान जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हाफिज को उनके दोस्त निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

महराजगंज में जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

महराजगंज। महराजगंज में पनियरा क्षेत्र के हसखोरी में युवाओं और खिलाड़ियों में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों के जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। जनहित किसान पार्टी के जिला महामंत्री धर्मराज चौरसिया ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

दानिश। हापुड़ के गढ़ कोतवाली क्षेत्र में एनएच-9 पर अल्लाबख्शपुर फ्लाईओवर के पास रविवार शाम करीब 3:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी गढ़मुक्तेश्वर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार शाम करीब 3:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया।

फर्जी आधार कार्ड से साइबर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

दो फर्जी आधार कार्ड और मोबाइल बरामद, गोवर्धन पुलिस ने की कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

गोवर्धन (मथुरा)। गोवर्धन पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाकर साइबर ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो फर्जी आधार कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अरमान (20) निवासी दौलतपुर, थाना गोवर्धन है। उसे शनिवार रात सकरवा कट से डीग की ओर करीब 200 मीटर आगे मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। पुलिस का आरोप है कि युवक अपनी फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार करता था। फर्जी सिम और मोबाइल के जरिए अपनी पहचान छिपाकर लोगों को फोन करता और लिंक व ओटीपी के माध्यम से झांसा देकर उनके खातों से रकम अपने खातों में स्थानांतरित कराता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की

विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

250 किलो गांजा बरामद, अंतरराज्यीय तस्करी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

कंटेनर में ले जाया जा रहा था नशीला पदार्थ, पुलिस ने 1.25 करोड़ रुपये कीमत बताई

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस और एएनटीएफ आगरा जोन की संयुक्त टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 250 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 25 लाख रुपये बताई गई है। तस्करी में इस्तेमाल कंटेनर भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह 10:34 बजे ग्राम बरारी स्थित जिओ पेट्रोल पंप के सामने आगरा से मथुरा आने वाली लेन पर चेकिंग के दौरान कंटेनर को पकड़ा गया। इसमें 250 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नासिर उर्फ निसार (42), आसिफ (24) और सतीश (38), निवासी थाना पिनगुआ, जिला नूंह, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने

आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर, एक मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। मामले में थाना रिफाइनरी में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच में भी कई मामले सामने आए हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट, चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं से संबंधित मामले शामिल हैं। संयुक्त टीम अब गांजे की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

मऊ में मोदी की तस्वीर के साथ टोटका

सुई से छिदे 9 नींबू, 4 नारियल और सिंदूर मिला

तमसा संकेत, एजेंसी

मऊ। मऊ में पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर के पास टोटका सामग्री मिलने के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। तस्वीर के पास सुई से छिदे 9 नींबू, चारों कोनों पर कलावा बंधे 4 नारियल, लाल धागा और सिंदूर रखा था। मामला जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर दोहरीघाट थाना क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम का है। शुक्रवार को तस्वीर सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस ने जांच शुरू की और शनिवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया। उधर, वीडियो सामने आने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने आपत्ति जताई। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर घटना में

शामिल लोगों की पहचान और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद दोहरीघाट थानाक्षेत्र के सब-इंस्पेक्टर अख्तर अली ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई। दोहरीघाट थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 353(2) और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर की गई।

सपा के कार्यक्रम पर बुलडोजर एक्शन

मंच और टेंट तोड़े, 1000 छात्राओं को बांटनी थीं साइकिलें, डिंपल बोलीं-सपनों पर बुलडोजर चलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के साइकिल वितरण कार्यक्रम को रोके जाने पर सपा सांसद डिंपल यादव ने भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'X' पर लिखा- बेटियों के सपनों को पंख देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाजपा द्वारा राजनीति करते हुए बुलडोजर चलवाना और टेंट उखड़वा देना बेहद शर्मनाक है। बेटियों का सम्मान और उनका भविष्य किसी भी राजनीति से बड़ा है। दरअसल, जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर लोनी के गढी कट्टैया गांव में रविवार को 1,000 गरीब मेधावी छात्राओं को साइकिलें बांटी जानी थीं। इस कार्यक्रम के आयोजक अनुज प्रधान थे। लेकिन कार्यक्रम के एक दिन पहले ही पुलिस और नगर पालिका

सपा नेता बोले - लड़कियों को पैदल जाते देख साइकिल बांटने का लिए था फैसला

अनुज प्रधान के मुताबिक, उन्होंने देखा कि कुछ लड़कियां पढ़ाई के लिए दूसरे गांव में करीब तीन किलोमीटर पैदल जाती हैं। इसके बाद उन्होंने और उनके परिवार ने छात्राओं को साइकिल देने का फैसला किया।

लोनी प्रशासन ने आयोजन रोक दिया। शनिवार देर रात बुलडोजर से कार्यक्रम का मंच तोड़ दिया गया और टेंट गिरा दिया गया। सामान गाड़ियों में भरकर उठा ले जाया गया।

आयोजक का दावा- नगर पालिका से ली गई थी परमिशन

उधर, आयोजक अनुज प्रधान ने बताया कि उन्होंने कार्यक्रम के लिए बाकायदा परमिशन लिए थे। लेकिन राजनीतिक विरोधियों ने कार्यक्रम को लेकर अफवाह फैलाई कि साइकिलें बांटने की अनुमति नहीं है। बताया कि उन्होंने पुलिस को अनुमति से जुड़े दस्तावेज भी दिखाए, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात नहीं सुनी और कार्यक्रम रुकवा दिया।

कार्रवाई से पहले पुलिस ने आयोजक सपा नेता अनुज प्रधान को छह घंटे तक हिरासत में भी रखा। कार्रवाई के बाद नगर पालिका प्रशासन ने आयोजक पर 10,86,930 रुपए का जुर्माना भी लगा दिया। लोनी के गढी कट्टैया गांव निवासी सपा नेता अनुज प्रधान की ओर से PDA सम्मान समारोह और एक हजार गरीब छात्राओं को साइकिल बांटने का कार्यक्रम रविवार को रखा गया था। इसके लिए गांव में बड़ा सा पंडाल और मंच तैयार किया गया था। परिजन के अनुसार, कार्यक्रम के एक दिन पहले शनिवार को पुलिस ने आयोजक अनुज प्रधान से बातचीत करने

* छात्राओं को बांटने के लिए मंगाई गई साइकिलों पर सपा के स्टीगर लगाए गए थे।

* नगर पालिका की टीम बुलडोजर से मंच तोड़ने के बाद साइकिल और अन्य सामानों को गाड़ी में भरकर ले गई।

के लिए अंकुर बिहार इलाके के सीओ कार्यालय में बुलाया था। अनुज प्रधान शाम करीब 6 बजे सीओ ऑफिस पहुंचे।

बलदेव में मिठाई की दुकानों की भरमार

खाद्य विभाग की निगरानी पर सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

बलदेव (मथुरा)। कस्बा बलदेव में मिठाई की दुकानों की भरमार है। खीर मोहन से लेकर मावे की विभिन्न मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आती है, लेकिन मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप हैं कि विभाग की कार्रवाई कभी-कभार सैंपल भरने तक सीमित रह जाती है। ऐसे में मिठाइयों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच की जरूरत महसूस की जा रही है। त्योहारी सीजन और शादी-विवाह के आयोजनों में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावट की आशंका को नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता। खासकर मावे से तैयार होने वाली मिठाइयों की गुणवत्ता की नियमित जांच जरूरी है, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ न हो। सवाल यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग कस्बे की मिठाई की दुकानों पर कितनी नियमित निगरानी कर रहा है? क्या केवल सैंपल भरना ही पर्याप्त है या जांच रिपोर्ट के आधार पर मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई भी की जा रही है? स्थानीय लोगों की मांग है कि खाद्य सुरक्षा विभाग बलदेव कस्बे में मिठाई की दुकानों का नियमित निरीक्षण करे, मावे और तैयार मिठाइयों के नमूने लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराए तथा मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करे।

वारदात : आरोपी पप्पू पासवान गिरफ्तार, पुलिस को दूसरे आरोपी आतिफ कुरैशी की तलाश

लिवइन पार्टनर महिला की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र के स्वर्ण जयंती विहार में लिवइन रिलेशनशिप में रह रही 32 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पप्पू पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरे आरोपी आतिफ कुरैशी की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। मृतका की बहन की तहरीर पर चकेरी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। 22 अक्टूबर को स्वर्ण जयंती विहार स्थित एक मकान के कमरे में महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे से शव बरामद कर पंचायत-नामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। कमरे में ताला लगा होने और महिला के दो दिन तक दिखाई नहीं देने पर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई थी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शनिवार को देवरिया से पहुंची मृतका की बहन ने शव की पहचान की। मृतका मूल रूप से देवरिया जिले के बघौचघाट थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। उसकी शादी 12 साल पहले उन्नाव निवासी युवक से हुई थी। वैवाहिक विवाद के बाद महिला ने पति पर दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था। तलाक होने के बाद वह चकेरी क्षेत्र किराए के मकान में रहने लगी। इसी दौरान थाना सेन पश्चिम पारा के रहने वाला पप्पू पासवान के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगी थी। दोनों स्वर्ण जयंती विहार स्थित एक कमरे में रह रहे थे। इसी बीच के पप्पू पासवान के अलावा आतिफ कुरैशी से भी संबंध थे। बताया गया कि इसके बाद पप्पू के खिलाफ़ अलग अलग थानों में मारपीट धमकी व शारीरिक शोषण के मामले दर्ज कराए थे।

सिर की हड्डी टूटी, गला घोटने से मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला का गला दाबकर मारने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा शरीर पर पैर के अंगूठे, हाथ की अंगुलियां, गाल व गर्दन समेत 15 जगह चोटों के निशान मिले है। पुलिस का कहना है कि, जांच जांच के बाद ही इस संबंध स्थिति स्पष्ट होंगी। पुलिस ने दुष्कर्म की आशंका पर स्लाइड भी बनाई है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया, मृतका की बहन की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पप्पू पासवान और आतिफ कुरैशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पप्पू-आतिफ ने मिलकर गला घोंटा

जानकारी के अनुसार बुधवार रात पप्पू मृतिका के घर पहुंचा जहां आतिफ पहले से मौजूद था। इसके बाद तीनों के बीच विवाद हुआ। फिर पप्पू और आतिफ ने मिलकर महिला का गला घोटकर मार डाला और सिर में कई वार किए जिससे सिर की हड्डी भी टूट गई। इसके बाद दोनों फ़रार हो गए। दो दिन कोई हलचल ना होने पर पड़ोसियों ने गुरुवार शाम मकान मालिक को सूचना दी थी। पुलिस की जांच में महिला ने तीन अलग अलग नाम से आधार कार्ड बनवा रखे थे। वहीं पुलिस के अनुसार महिला ने कुछ लोगों के खिलाफ़ दुष्कर्म और छेड़छाड़ का मुक़दमा दर्ज करा रखा है। हालांकि पुलिस सत्यापन कर रही है।

बंथरा पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से मिली सफलता

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। बंथरा थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए उसे सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, 2 सितंबर 2026 को बंथरा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी करीब 15 वर्षीय नातिन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर बंथरा थाने में मुकदमा संख्या 292/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 और 137(2) में मामला दर्ज किया

गया था। नाबालिग की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच आगे बढ़ाई। इसके बाद नाबालिग को बरामद कर मामले में नामजद आरोपी मनीष महतो (25) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के महुआ थाना क्षेत्र के बिचौली गांव का निवासी है। वर्तमान में वह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रह्लाद विहार स्थित किशन कॉलोनी में काली माता मंदिर के पास रहता था।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त तरुण गाबा और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अभियान में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली वसंत कुमार के पर्यवेक्षण, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लक्ष्मण वर्मा के मार्गदर्शन और प्रभारी निरीक्षक बंथरा राणा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना बंथरा पुलिस तथा सर्विलांस दक्षिणी जोन की संयुक्त टीम शामिल रही।

1.20 लाख अभ्यर्थी देंगे पेपर, कैंट स्टेशन पर ठहरने के इंतजाम, 4 स्टेशनों पर हेल्प डेस्क

पीईटी के लिए 49 केंद्रों पर परीक्षा आज

तैयारी

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा में रविवार से PET की परीक्षा शुरू हो रही है। इसके लिए शहर के 49 केंद्रों पर दो पालियों में करीब 1.20 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दूसरे जिलों से आने वाले छात्रों की सुविधा के लिए रेलवे ने भी इंतजाम किए हैं।

आगरा कैंट स्टेशन पर छात्रों के ठहरने के लिए पंडाल लगाया गया है। इसमें बैठने, आराम करने, पंखे चलाने और मोबाइल चार्ज करने की सुविधा दी गई है। छात्रों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा चार रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। यहां से अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र, ट्रेन के समय और वहां तक पहुंचने की जानकारी ले सकते हैं। भीड़ बढ़ने पर

अतिरिक्त ट्रेन चलाने की जरूरत का भी आकलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब रोल नंबर के आधार पर एडमिट कार्ड निकलवाकर परीक्षा देने की कोशिश करेंगे। इसके बाद रेलवे पुलिस में मोबाइल चोरी की शिकायत करेंगे। ललित ने कहा कि मोबाइल चोरी होने के अलावा उन्हें रेलवे की दूसरी व्यवस्थाओं से कोई परेशानी नहीं हुई। रेलवे ने आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन पर करीब 3 हजार वर्ग फीट के होल्डिंग एरिया बनाए हैं। यहां रोशनी, पानी और पंखों की व्यवस्था की गई है। भीड़ संभालने के लिए वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजर, टिकट जांच कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है।

कैंट स्टेशन पर हजारों छात्रों के ठहरने की व्यवस्था

रेलवे ने आगरा कैंट स्टेशन पर बड़ा पंडाल लगाया है। इसमें एक साथ हजारों अभ्यर्थियों के बैठने और आराम करने की व्यवस्था की गई है। यहां पंखे, रोशनी, पानी और मोबाइल चार्जिंग की सुविधा दी गई है। दूसरे जिलों से परीक्षा देने आए छात्र ट्रेन का इंतजार करते हुए यहां रुक सकते हैं। बांदा के हमीरपुर क्षेत्र से आए दिलीप ने बताया कि उनका परीक्षा केंद्र आगरा में पड़ा है। समय पर केंद्र पहुंचने के लिए वह आगरा कैंट स्टेशन आ गए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के चलते ट्रेनों में काफी भीड़ है, लेकिन रेलवे की ओर से की गई व्यवस्थाएं ठीक हैं। पंडाल में एक साथ हजारों लोगों के बैठने की जगह है। खाने-पीने और आराम करने का भी इंतजाम किया गया है।

चार स्टेशनों पर हेल्प डेस्क, केंद्र की मिलेगी जानकारी

रेलवे ने आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, ईदगाह और मथुरा जंक्शन पर हेल्प डेस्क बनाई हैं। यहां तैनात कर्मचारी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों की सूची के आधार पर जानकारी देंगे। छात्र ट्रेन के समय और केंद्र तक पहुंचने का रास्ता भी पूछ सकेंगे। हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी स्टेशन पर भीड़ पर नजर रखेंगे। जरूरत पड़ने पर रेलवे अधिकारियों को इसकी जानकारी देंगे, ताकि अतिरिक्त ट्रेन चलाने जैसे कदम उठाए जा सकें।

इटावा से आए ललित ने बताया कि वह शनिवार शाम करीब 7 बजे आगरा पहुंचे थे। स्टेशन पर रेलवे का पंडाल देखकर वहीं सो गए। इस दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया। ललित के मुताबिक, परीक्षा से जुड़ा पूरा डेटा मोबाइल में था। फोन चोरी होने के बाद घरवालों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है।

डीएम ने पीईटी परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के तहत श्री चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर प्रकाश और पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने परीक्षा को सकुशल, नकल-विहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फास्ट न्यूज

आगरा में 30 अक्टूबर तक साफ रहेगा मौसम

आगरा। आगरा में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। रविवार सुबह से धूप खिली हुई है, जबकि तड़के हल्की ठंड महसूस की गई। 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है।

ऐसे में अधिकतम तापमान में कमी आई है। दिन में कुछ समय के लिए बादल छा सकते हैं। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। सुबह-शाम हल्की ठंड का असर बना रहेगा।

सर्जरी के बिना भी जटिल हृदय रोगों का इलाज संभव

आगरा। हृदय रोग के गंभीर मरीजों को अब कई मामलों में ओपन सर्जरी के बिना भी इलाज मिल रहा है। आधुनिक एंजियोप्लास्टी, खराब वाल्व को बदलने और उसकी मरम्मत करने वाली तकनीकों से बुजुर्ग और अधिक जोखिम वाले मरीजों के इलाज के विकल्प बढ़े हैं।

शनिवार को होटल जेपी पैलेस में आगरा इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी सोसाइटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'कार्डियोलॉजी आगरा लाइव 6.0' में देशभर से आए विशेषज्ञों ने इन विषयों पर चर्चा की।

दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की कोशिश का आरोप

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के नेवरा गांव की करिश्मा यादव की शिकायत पर क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार के निर्देश पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। उनकी शादी करीब चार साल पहले अजय यादव से हुई थी।

एमआईईटी में 'प्रारंभ 2026' फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में बीटेक, फार्मेसी, एमबीए, एमसीए और बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'प्रारंभ 2026' फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गायन, नृत्य, विभिन्न खेलों और तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, कैंपस निदेशक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव सिंह तथा डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. हनी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने जूनियर्स का

स्वागत करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया। ढोल की थाप पर विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया। वहीं, रैंप वॉक के दौरान छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास और आकर्षक अंदाज के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैंपस निदेशक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार भी बेहद जरूरी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में तकनीकी ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के साथ अपने संस्कारों को बनाए रखना तथा गुरुजनों का सम्मान करना भी आवश्यक है।

बांसुरी धारण कर बांके बिहारी ने दिए दर्शन

श्वेत पोशाक में महारास मुद्रा में सजे ठाकुरजी, शरद पूर्णिमा को धवल चांदनी में होंगे विराजमान

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बांके बिहारी श्वेत पोशाक(सफेद रंग) धारण किए भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। हाथ में बांसुरी लिए बांके बिहारी भक्तों को महारास मुद्रा में दर्शन दे रहे हैं। भगवान बांके बिहारी जी वर्ष में एक बार बांसुरी धारण कर भक्तों को शरद पूर्णिमा के अवसर पर दर्शन देते हैं। भगवान बांके बिहारी जी की एक झलक पाने के लिए भक्त उमड़ पड़े हैं। शाम को बांके बिहारी जी जगमोहन में धवल चांदनी में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। शरद पूर्णिमा के अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली के रंगनाथ मंदिर में भगवान को चांदी से बने चंद्र प्रभा में विराजमान किया जाएगा। यज्ञ मंडप में आकर्षक तरीके से भगवान का श्रृंगार होगा। इस दौरान उनकी शास्त्रीय संगीत के

शरद पूर्णिमा पर मोर मुकुट, कटि काछनी धारण किए दर्शन दे रहे भक्त

जरिए आराधना करेंगे। इस दौरान मंदिर में विशेष सजावट की जाएगी। दर्शनों के दौरान भक्त आसानी से दर्शन कर सकें इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने खास इंतजाम किए है।

शरद पूर्णिमा पर किया था महारास

शरद पूर्णिमा पर धवल चांदनी में भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों की मनोकामना पूरी करने के लिए महारास किया था। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण ने 16108 गोपियों के साथ महारास किया था। इस दर्शन को करने के लिए सभी देवता ब्रज में आए थे। भगवान शिव जब रास में प्रवेश करने लगे तो उनका पुरुष स्वरूप देख रोक दिया गया। जिसके बाद उनको यमुना महारानी ने गोपी रूप में श्रृंगार किया। जिसके बाद उनका नाम गोपेश्वर पड़ा।

जगमोहन में हैं विराजमान

शरद पूर्णिमा पर सुबह के समय बांके बिहारी जी जगमोहन में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। भगवान बांके बिहारी ने हाथ में बांसुरी धारण की हुई है। पूरे साल बांसुरी बांके बिहारी जी के चरणों में रखी जाती है लेकिन शरद पूर्णिमा के अवसर पर वर्ष में एक बार अधरों पर मुरली धारण करते हैं। भगवान बांके बिहारी के इस स्वरूप पर भक्त मुग्ध हो गए हैं।

मोर मुकुट कटि काछनी, कर मुरली उर माल

शरद पूर्णिमा पर भगवान बांके बिहारी जी सर पर मोर मुकुट, कमर में कटि काछनी और अधरों यानि होठों पर मुरली धारण किए दर्शन देते हैं। इस दिन भगवान का विशेष भोग सफेद चंद्र कलां और खीर का भोग लगाया जाता है। भक्त भगवान को बांसुरी अर्पित करते हैं।

शाम को चांदी के सिंहासन पर विराजमान होकर चंद्रमा की रोशनी में भगवान बांके बिहारी दर्शन देंगे।

पीईटी-2026 पहली पाली की परीक्षा समाप्त हुई

अभ्यर्थी बोले- जीएस ने उलझाया, कुछ को डाटा एंट्री से हुई परेशानी

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में रविवार को PET-2026 की पहली पाली की परीक्षा संपन्न हो गई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने पेपर को मॉडरेट बताया। अभ्यर्थियों के मुताबिक, GS के कुछ सवाल उलझाने वाले थे, जबकि बाकी सेक्शन आसान रहे। वहीं, कुछ अभ्यर्थियों को डाटा एंट्री से जुड़े सवालों में परेशानी हुई। पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद अब दूसरी पाली के अभ्यर्थियों की एंट्री दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। गोरखपुर में इस परीक्षा के लिए 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी पहली पाली

पीईटी तीन दिनों में छह पालियों में आयोजित होगी। प्रत्येक दिन पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। हर पाली में 23,208 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। एसपी सिटी निमिष पाटील ने बताया कि परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आने-जाने की संभावना है। इसे देखते हुए परीक्षा केंद्रों के साथ रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। पुलिसकर्मियों को व्यवस्था बनाए रखने और अभ्यर्थियों की आवाजाही पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए प्रशासन की ओर से भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी 52 परीक्षा केंद्रों के लिए 52 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 52 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा 967 बाह्य कक्ष निरीक्षक, 104 आंतरिक कक्ष निरीक्षक और 145 रिजर्व कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

जूते-मोजे उतरवाकर चेकिंग, आधार कार्ड मिलान के बाद एंट्री

पहली पाली में परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की जा रही है। अभ्यर्थियों के जूते-मोजे उतरवाकर चेकिंग की गई। महिला अभ्यर्थियों के बालों में लगे क्लचर भी खुलवाए गए। मंगलसूत्र और बिछिया को छोड़कर अन्य आभूषण पहनकर आने की अनुमति नहीं दी गई। सभी अभ्यर्थियों के आधार कार्ड का मिलान करने के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जा रहा है। परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर व एक नवंबर को आयोजित होगी। तीनों दिन दो-दो पालियों में परीक्षा होगी। हर पाली में 23,208 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस तरह छह पालियों में कुल 1,39,248 अभ्यर्थियों के शामिल होने का कार्यक्रम है।

52 सेक्टर और 52 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए

परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों के साथ बैठक भी की जा चुकी है। हालांकि, परीक्षा कक्षों में ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों का प्रशिक्षण अभी निर्धारित नहीं किया गया है।

सोशल मीडिया से महिलाओं को जाल में फंसाकर ठगता था

तमसा संकेत, संवाददाता

30 लाख के जेवरात बरामद

मथुरा। थाना हाईवे पुलिस ने महिलाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर धोखाधड़ी से सोने-चांदी के जेवरात ठगने के आरोपी लोकेन्द्र (32) निवासी नगला सुखा, थाना मुरसान, हाथरस को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिलाओं को उनके पति और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ भड़काकर पारिवारिक रिश्तों में अविश्वास पैदा करता था। इसके बाद उन्हें डराकर और गुमराह कर कीमती आभूषण ठग लेता था। आरोपी को रविवार को माल गोदाम रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ थाना हाईवे में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज था। उसके आपराधिक इतिहास में हाथरस जंक्शन थाने में दर्ज एक अन्य मुकदमा और मुरसान थाने में आर्म्स एक्ट का मामला भी शामिल है। पुलिस अब आरोपी से ठगी की शिकार अन्य महिलाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पृष्ठ 01 का शेष...

बंगाल की खाड़ी में ...

इस दौरान हवा की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है। आंध्र प्रदेश में 26 से 29 अक्टूबर तक भारी बारिश का अनुमान है। ओडिशा के गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरी जिले में 28 और 29 अक्टूबर को सभी स्कूल-कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने के आदेश दिए गए हैं। पुडुचेरी में शनिवार रात से लगातार बारिश हो रही है। वहीं, तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच इरोड जिले में रविवार को कोडिवेरी बांध पर लगातार दूसरे दिन पर्यटकों की एंट्री बंद रही। केरल में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड में रेड अलर्ट है। इन जिलों में शैक्षणिक संस्थानों और पर्यटन स्थलों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

मोदी क्या, मोदी का ...

पिटाई के दौरान वहां मौजूद पुलिस वालों ने उसे बचाया और बाहर ले गई। संतोष ने मीडिया से कहा- खड़गे उनकी बात समझ नहीं पाए। मैंने कहा था शांत बैठने से मोदी नहीं जाएगा। राहुल समेत विपक्ष ने सभी बड़े नेताओं को यह बात समझनी होगी। मोदी तब ही जाएंगे, जब विद्रोह होगा। भाजपा ने X पर खड़गे का वीडियो शेयर करके लिखा- कभी जिस भाषा को गुंडे-मवालियों से जोड़ा जाता था, आज कांग्रेस अध्यक्ष उसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। यह राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक माफिया गैंग प्रतीत होती है। खड़गे ने कहा कि नीतीश कुमार सोशलिस्ट विचारधारा को लेकर आगे बढ़ें, लेकिन अब BJP-RSS की गोद में जाकर बैठ गए हैं। जब आदमी के पास कमजोरी आती है, तब आईडियोलॉजी के ऊपर से विश्वास उठ जाता है। हमें तो सभी ने मारा, फिर भी हम और मेरे लीडर राहुल गांधी जिंदा है और लड़ रहे हैं। लोगों के लिए मर रहे हैं। जब तक इस देश में RSS की आईडियोलॉजी खत्म नहीं होगी, तब तक इस देश में शांति नहीं आएगी। शांति को भंग करने वाले यही लोग है। आज भी छुआछूत करने वाले लोग RSS में भरे पड़े हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि श्री बाबू आधुनिक बिहार में लोकतंत्र को मजबूत करने वाले नायक थे। आज कई जगह लैंड रिफॉर्म्स के कानून आए हैं, उसके लिए इंदिरा गांधी ने तो बहुत काम किया था। 1937 में बिहार में कांग्रेस की पहली सरकार श्री कृष्ण बाबू के नेतृत्व में बनी। इसके बाद आजाद भारत में 1947 में बिहार में सरकार बनी। उनके मुख्यमंत्री काल में जमींदारी प्रथा खत्म, भूमि सुधार और चकबंदी एक्ट आई। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि श्री बाबू के समय में कुछ काम हुए या नेहरू के शासन में कोई तरक्की हुई तो बीजेपी के लोग बोलते हैं कि हमने किया। बीजेपी वाले वर्तमान की बात न करके नेहरू-इंदिरा काल में चले जाते हैं। पिछले दिनों जो कुछ घटना घटी है, उससे पता चल रहा है कि चुनाव आयोग और मोदी सरकार के बीच बड़ी सांठ-गांठ हुई है। ज्ञानेश कुमार के आने के बाद मोदी जी ने.ऐसा कानून लाया कि कुछ भी गलती कर लो उन्हें 12 खून माफ है। CEC की कमेटी में सिलेक्शन करने के लिए तीन लोग रहते थे। चीफ जस्टिस के साथ प्रधानमंत्री और अपोजिशन के लीडर शामिल होते थे। लेकिन अब मोदी सरकार ने चीफ जस्टिस को हटाकर मिनिस्टर को लेकर आए। हमने उनकी कई गलतियां पहले ही पकड़ ली थी। राहुल गांधी ने 10 महीने में 14 बार गलतियों के बारे में कहा और ज्ञानेश कुमार की गलतियों को बताया। बिहार की सरकार चोरी की सरकार है। हर जगह चोरों की सरकार है। जो चोरी करते हैं, उसे सबक सिखाना होगा।

पीएम मोदी ने ...

डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल लगातार बढ़ने के साथ वित्तीय आंकड़ों की सुरक्षा और बैंकिंग सेवाओं का निर्बाध संचालन महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में यह केंद्र बैंकिंग व्यवस्था के लिए एक अहम आधारभूत सुविधा साबित हो सकता है। डाटा सेंटर का एक प्रमुख उद्देश्य साइबर हमलों और तकनीकी गड़बड़ियों जैसी परिस्थितियों में बैंकिंग सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में मदद करना है। आधुनिक तकनीकी ढांचे के माध्यम से डिजिटल वित्तीय सेवाओं से जुड़े डेटा के सुरक्षित प्रबंधन और उपलब्धता को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाएगा। इस केंद्र में क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डाटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन तकनीकों से डिजिटल वित्तीय प्रणाली के संचालन और डेटा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए राजधानी भुवनेश्वर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से 57 प्लाटून पुलिस बल और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की पांच प्लाटून तैनात की गई थीं। प्रधानमंत्री के आवागमन को सुचारु बनाने के लिए भुवनेश्वर में यातायात पर भी प्रतिबंध लगाए गए थे।

कांग्रेस के 3 कार्यकर्ताओं को बंधक बनाकर पीटा

भाजपा से जुड़े लोगों पर आरोप, मोबाइल छीना

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के मल्लावां में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस के तीन युवा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट और उन्हें बंधक बनाने का आरोप लगा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय ने आरोप लगाया कि बीजेपी के लोगों ने आशीष यादव, शोभित मिश्रा और विनय दीक्षित को 5 घंटे बंधक बनाकर रखा। उनके मोबाइल फोन छीन लिए। उन्होंने 24 अक्टूबर की देर रात करीब 10:30 बजे मल्लावां कोतवाली में शिकायत देकर FIR दर्ज करने की मांग की। विक्रम पांडेय के मुताबिक, तीनों कार्यकर्ता मल्लावां ब्लॉक में मतदाता सूची पुनरीक्षण

अभियान के तहत काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। आरोप है कि कार्यकर्ताओं को भाजपा विधायक के कार्यालय में बंद रखा गया और उनके साथ मारपीट की गई। बाद में देर शाम उन्हें मल्लावां कोतवाली लाया गया। शिकायत में अभय कुमार, रामू, शैलेंद्र सिंह ठेकेदार, यश समेत पांच अज्ञात लोगों के नाम दिए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने FIR दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में घटना के समय की मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाने की मांग की गई है। साथ ही भाजपा विधायक कार्यालय और कोतवाली में उपलब्ध CCTV फुटेज सुरक्षित रखकर जांच में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कांग्रेस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराने और नामजद व अज्ञात लोगों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की है। मल्लावां एसएचओ मनोज सिंह ने बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बीती रात कुछ लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। इसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है।

मैट हेनरी चोटिल, फर्ग्यूसन को आराम, कीवी बोर्ड ने बिजी शेड्यूल के कारण फैसला लिया

न्यूजीलैंड के 2 पेसर्स भारत से तीसरा टी-20 नहीं खेलेंगे

मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के 2 तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ 27 अक्टूबर को वेलिंग्टन में होने जा रहे तीसरे टी-20 मैच में नहीं खेलेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बिजी शेड्यूल के कारण मैट हेनरी चोट के कारण बाकी के 3 टी-20 मैच नहीं खेलेंगे। जबकि, लॉकी फर्ग्यूसन तीसरे मैच से आराम दिया गया है। कीवियों को भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज के बाद 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलनी है। पहला वनडे 4 नवंबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने ब्लेयर टिकनर को आखिरी तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। वहीं, ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन आखिरी दो मैचों के लिए टीम से जुड़ेंगे। दोनों को पहले जक फॉल्क्स और मार्क चैपमैन के चोटिल होने के बाद विकल्प के तौर पर चुना गया था। मैट फिशर तीसरे टी-20 के लिए टीम के साथ वेलिंगटन जाएंगे। वे कवर के तौर पर उपलब्ध रहेंगे। न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि टीम के पास खिलाड़ियों के अच्छे विकल्प हैं। इससे तेज गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करने में मदद मिलेगी।

लॉकी फर्ग्यूसन ने दूसरे टी-20 में 3 ओवर गेंदबाजी की और 37 रन दिए। उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी दूसरे टी-20 के दौरान एहतियातन मैदान से बाहर चले गए थे। वे वेलिंगटन में होने वाले तीसरे टी-20 में नहीं खेलेंगे। हालांकि, ऑकलैंड और हैमिल्टन में होने वाले आखिरी दो मैचों के लिए टीम में वापसी करेंगे।

जेमिसन घरेलू वनडे खेलेंगे, आखिरी 2 टी-20 से बाहर

सीरीज में अब तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले काइल जेमिसन तीसरे टी-20 के बाद वेलिंगटन में रुकेंगे। वे बेसिन रिजर्व में कैंटरबरी की ओर से फोर्ड ट्रॉफी का मैच खेलेंगे। इस वजह से वे सीरीज के आखिरी दो टी-20 में उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसके बाद वनडे सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे।

दूसरे टी-20 में 2 ओवर बाद मैदान से बाहर गए थे हेनरी

भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 में मैट हेनरी ने सिर्फ 2 ओवर गेंदबाजी की थी। इसके बाद वे मैदान से बाहर चले गए।

मैच के बाद कप्तान मिचेल सेंटनर ने बताया कि हेनरी की पिंडली में खिंचाव आ गया था। हेनरी अब क्राइस्टचर्च में रुकेंगे और 2 नवंबर को ऑकलैंड में वनडे टीम से जुड़ेंगे।

मैट हेनरी ने 2 ओवर में 11 रन दिए थे। उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य गेंदबाजों को आने वाले लंबे क्रिकेट सीजन के लिए फिट रखना है, ताकि वे हर फॉर्मेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। पांच मैचों की टी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड 0-2 से पीछे है। टीम के पास जैकब डफी, नाथन स्मिथ और एडम मिल्न जैसे तेज गेंदबाजों के विकल्प हैं। इन्हें अगले मैचों में मौका मिल सकता है।

हेनरी अब टी-20 सीरीज के बाकी मैच नहीं खेलेंगे।

टी-20 सीरीज के बाद भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इसके बाद न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है, जहां चार टेस्ट मैचों की सीरीज होगी। इसी व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टीम मैनेजमेंट तेज गेंदबाजों की फिटनेस पर ध्यान दे रहा है।

पडिक्कल और सुदर्शन की पारियों से संभली इंडिया-ए

राहुल और यशस्वी ने फिर किया निराश

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ खेले जा रहे पहले अनऑफिशियल टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया एक बार फिर बैकफुट पर दिख रही है। पहली पारी में इंडिया-ए की टीम 113 रनों पर ढेर हो गई थी। इसके बाद उसके गेंदबाज न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर लगाम नहीं कस पाए और मेजबान टीम ने 317 रनों का स्कोर टांग दिया। अपनी दूसरी पारी में भी इंडिया-ए अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी। हालांकि, देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन ने किसी तरह टीम को संभालने की कोशिश की है। दूसरे दिन रविवार का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 106 रन बना लिए हैं। वह अभी भी न्यूजीलैंड से 98 रन पीछे है।

इंडिया-ए में आधे से ज्यादा खिलाड़ी वही हैं जो टेस्ट टीम का हिस्सा हैं और ऐसे में यह मैच इन लोगों को न्यूजीलैंड के हालात से वाकिफ कराने के लिए आयोजित किया गया है ताकि खिलाड़ी असल चुनौती के लिए तैयार हो जाएं, लेकिन टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज तो इसी टेस्ट में फेल हो गए। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी पहली पारी में फेल रही और दूसरी पारी में भी यह सिलसिला जारी रहा। राहुल के लिए दहाई के अंक तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। वह पहली पारी में खाता नहीं खोल पाए थे और दूसरी पारी में उनके बल्ले से सिर्फ चार रन ही निकले। वहीं, पहली पारी में 17 रन बनाने वाले यशस्वी दूसरी पारी में पांच रनों से आगे नहीं जा पाए। इंडिया-ए का स्कोर दो विकेट के नुकसान पर 10 रन था तब सुदर्शन और पडिक्कल ने टीम को संभाला। दोनों ने मिलकर दिन का खेल खत्म होने तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। पडिक्कल 56 रन बनाकर नाबाद हैं तो वहीं सुदर्शन 39 रन बनाकर खेल रहे हैं।

कंधे में चोट लगी, साउथ अफ्रीका दौरे पर खेलने को लेकर भी संशय

नाहिद राणा वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

नई दिल्ली। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे। उनके कंधे में चोट लगी है।

ऑस्ट्रेलिया में उनकी मेडिकल जांच के दौरान लैब्रम टियर का पता चला। इसमें कंधे की मांसपेशियां फट जाती हैं। उनका नवंबर में होने वाले साउथ अफ्रीका दौरे पर खेलना मुश्किल है।

फिलहाल, बांग्लादेशी टीम वेस्टइंडीज की मेजबानी कर रही है। उसे अपने घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट मैच खेलने हैं।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नाहिद ऑस्ट्रेलिया में इलाज करा रहे हैं। उन्हें इंजेक्शन दिया गया है। उन्होंने रिहैबिलिटेशन शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि वे 30 अक्टूबर से हल्के अभ्यास के तहत गेंदबाजी शुरू कर सकेंगे।

शुरुआत में बोर्ड को लग रहा था कि 22 साल के नाहिद की पीठ और कमर के निचले हिस्से में कमजोरी है। परेशानी कम नहीं हुई तो उन्हें दूसरी मेडिकल राय के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा गया। वहां स्कैन और जांच के बाद कंधे में लैब्रम टियर की पुष्टि हुई। नाहिद इस साल लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे पर उन्हें ग्रेड-टू साइड स्ट्रेन हुआ था। इसके कारण वे ऑस्ट्रेलिया दौरे, एशियन गेम्स और अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में नहीं खेल सके। रिहैब के दौरान उनके नितंब में भी चोट लग गई, जिसके चलते वे यूएई में हुई त्रिकोणीय सीरीज से बाहर रहे।

नाहिद ने भारत दौरे पर 150 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी कर ध्यान खींचा था। उनकी गति और उछाल ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था। ऐसे में चोट के कारण उनका बाहर होना बांग्लादेश के लिए झटका है।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलने पर संशय

वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर होने के बाद नाहिद की फिटनेस पर अब साउथ अफ्रीका दौरे के लिए नजर रहेगी। बोर्ड के अधिकारी को उम्मीद कम है कि वे 15 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट तक फिट हो पाएंगे। दूसरे टेस्ट में उनकी उपलब्धता रिकवरी की रफ्तार पर निर्भर करेगी। अगर वे तब तक भी फिट नहीं होते हैं, तो वनडे और टी-20 सीरीज से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

मनोरंजन

'हमारे घरों पर गोलियां चल रही हैं'

'बिग बॉस' में फायरिंग की घटना को लेकर बोले रोहित शेट्टी

नई दिल्ली। टीवी शो बिग बॉस 20 के लेटेस्ट 'वीकेंड का वार' एपिसोड में रोहित शेट्टी ने अपने घर पर हुई फायरिंग का जिक्र किया। उन्होंने कंटेस्टेंट यंग DSA से बात करते हुए कहा कि हमारे घरों पर गोलियां चल रही हैं। सलमान खान पहले से तय कामों के कारण एपिसोड में मौजूद नहीं थे। उनकी जगह रोहित शेट्टी ने शो होस्ट किया। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स यंग DSA, स्काउट OP और आसिफ खान के एक ग्रुप बनाकर काजी तौकीर को बुली करने और आक्रामक व्यवहार दिखाने को लेकर रोहित शेट्टी ने तीनों को फटकार लगाई। रोहित ने आसिफ खान को उनके आक्रामक व्यवहार के लिए फटकार लगाई। उन्होंने स्काउट OP को अरिश्फा खान का पैर पकड़कर घसीटने के लिए भी डांटा। रोहित ने आसिफ से कहा, "अगर शो में काजी नहीं है, तो चर्चा के लिए कोई मुद्दा नहीं रहेगा। मैं शो देख रहा हूं और यहां आया हूं।" उन्होंने कहा, "नॉमिनेशन टास्क के दौरान आपकी और काजी की बहस हुई थी। काजी ने तुरंत माफी मांग ली थी।" रोहित के मुताबिक, ऐसा लगा कि आसिफ और उनके साथी काजी को उकसा रहे थे। वे चाहते थे कि काजी हाथ उठाएं और शो से बाहर हो जाएं। उन्होंने आसिफ से कहा, "आप बहुत आक्रामक हो जाते हैं। आपको देखना डरावना लगता है। आपने काजी को लगभग हेडबट कर दिया था।"

यंग डीएसए से बोले- गैंगस्टर जैसे मत घूमो

यंग DSA को फीडबैक देते हुए रोहित ने कहा कि उनका अकेले खेलना अच्छी बात है। उन्होंने यंग से अपनी क्षमता दिखाने और अकेले खेलने की सलाह दी।

रोहित ने कहा, "यह शो आपको बहुत कुछ देता है। इसलिए यंग, अकेले खेलना शुरू करो। आपमें क्षमता है।"

उन्होंने कहा, "मैंने कई बार देखा है कि आप लोग गैंगस्टर की तरह घूमते हैं, लेकिन आप किसी गैंग में नहीं रहते।"

ताइवान के राजदूत ने की 'धुरंधर' की तारीफ

बोले- पिछले साल देखी फिल्मों में सबसे शानदार लगी, आमिर-शाहरुख को भी सराहा

नई दिल्ली। भारत में ताइवान के राजदूत मुमिन चेन ने रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफ की। शनिवार को दिल्ली में चल रहे ताइवान फिल्म फेस्टिवल में चेन ने कहा कि पिछले साल देखी गई भारतीय फिल्मों में 'धुरंधर' सबसे प्रभावशाली लगी। चेन ने आमिर खान और शाहरुख खान की भी तारीफ की।

ताइवान फिल्म फेस्टिवल के जरिए भारतीय दर्शकों को वहां की संस्कृति, तकनीक और सिनेमा से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। यह फेस्टिवल 24 और 25 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद 31 अक्टूबर को मुंबई में इसका आयोजन होगा।

बता दें कि भारत और ताइवान के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध नहीं हैं, इसलिए चेन आधिकारिक तौर पर नई दिल्ली स्थित ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (TECC) के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हैं, जो वास्तविक राजदूत के रूप में काम करता है। चेन ने कहा कि ताइवान के लोग भी भारतीयों की तरह फिल्में पसंद करते हैं। हालांकि, भारत में बहुत कम लोग ताइवान की फिल्मों के बारे में जानते हैं। ऐसे में यह फेस्टिवल दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने का मौका है।

चेन ने आमिर खान की भी तारीफ की

मुमिन चेन ने कहा, "भारतीय अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं की बात करें, तो आमिर खान बहुत प्रभावशाली हैं।" उन्होंने कहा, "मैं उनकी फिल्में तब से देख रहा हूं, जब वह युवा थे। अब वह फिल्मों में एक्टिंग कम करते हैं। वह निर्माता के तौर पर भारतीय समाज और गंभीर मुद्दों पर बहुत अच्छी फिल्में बनाते हैं।" चेन ने आगे कहा, "शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन जैसे दूसरे बड़े फिल्मी सितारे भी मुझे बहुत पसंद हैं।"

आमिर की फिल्मों को ताइवान में काफी पसंद किया गया

ताइवान में भारतीय फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होती हैं और वहां के लोग इन्हें काफी पसंद भी करते हैं। यहां भारतीय फिल्मों को मुख्य रूप से चीनी भाषा के सबटाइटल्स के साथ दिखाया जाता है।

ताइवान में आमिर खान की फिल्मों को काफी पसंद किया गया है। आमिर की फिल्म 'दंगल' ताइवान में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है। फिल्म ने वहां करीब 16.7 करोड़ ताइवानी डॉलर कमाए थे। भारतीय रुपये में यह रकम करीब 41 करोड़ रुपए होती है।

माइक बंद हुआ, स्टेज की लाइटें बुझीं, सिंगर बोलीं- यह बहुत दुख देता है, आयोजकों ने माफी मांगी

शिल्पा राव की परफॉर्मेंस बीच में रोकी गई

नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट के 10वें एडिशन में शनिवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन्स में शिल्पा राव की परफॉर्मेंस अचानक रोक दी गई। शिल्पा का माइक दो बार बंद किया गया। वह करीब 8:30 बजे स्टेज पर पहुंची थीं, जबकि उनका शो शाम 7:45 से 8:15 बजे तक होना था।

परफॉर्मेंस के दौरान मेन स्टेज की लाइट बंद कर दी गई और उसी समय दूसरे स्टेज पर सिंगर कुटले खान का शो शुरू हो गया। शिल्पा ने कहा, "वो नहीं गाने दे रहे।" बाद में शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि इस तरह की घटना से दुख होता है। वहीं, घटना को लेकर आयोजकों ने माफी मांगी।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट में दो स्टेज बनाए गए थे। मेन स्टेज के बाईं ओर एक छोटा दूसरा स्टेज था। कार्यक्रम का फॉर्मेट तय था। पहले मेन स्टेज पर कलाकार परफॉर्म करता था। इसके बाद दूसरे स्टेज के आर्टिस्ट परफॉर्म करते थे। उनका शो खत्म होने पर अगला आर्टिस्ट मेन स्टेज पर आता था। हालांकि, कार्यक्रम तय समय से पीछे चल रहा था। शिल्पा राव की परफॉर्मेंस शाम 7:45 से 8:15 बजे तक होनी थी। वह करीब 8:30 बजे स्टेज पर पहुंचीं। उन्होंने फिल्म 'अनवर' (2007) का गाना 'तोसे नैना लागे' गाकर शो शुरू किया। शुरुआत में परफॉर्मेंस शानदार रही। गाना खत्म होने से पहले ही शिल्पा का माइक अचानक बंद हो गया। उन्होंने बैकस्टेज टीम को इशारा किया। इसके बाद एक क्रू मेंबर तुरंत उनके लिए दूसरा माइक लेकर पहुंचा। शिल्पा ने दर्शकों से कहा, "मुझे माइक की जरूरत नहीं है। आप लोग मेरी आवाज हैं।" इस पर दर्शकों ने जोरदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि उनकी मां भी कार्यक्रम में मौजूद हैं और उनका जन्मदिन है। इसके बाद दर्शकों ने 'हैप्पी बर्थडे टू यू' गाना गाया। शिल्पा ने इसके बाद 'तेरे हवाले' गाया। उन्होंने 'कलंक' (2019) का टाइटल ट्रैक, 'खुदा जाने' और 'वो अजनबी' भी परफॉर्म किया। 'खुदा जाने' फिल्म 'बचना ऐ हसीनो' (2008) का गाना है। 'वो अजनबी' फिल्म 'द ट्रेन' (2007) का गाना है।

बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट लाइव बॉलीवुड म्यूजिक का एक प्रमुख फेस्टिवल है, जिसमें शिल्पा राव परफॉर्म करने आई थीं।

'मैं बाय कहे बिना नहीं जा सकती'

दर्शकों के लगातार नारे लगाने के बीच शिल्पा ने कहा, "मैं सिर्फ बाय कहना चाहती थी। मैं बाय कहे बिना नहीं जा सकती। वो नहीं गाने दे रहे।" उनकी बात सुनकर दर्शकों ने जोरदार हूटिंग की। शिल्पा ने आगे कहा, "लेकिन मैं एक बात कहूंगी। आप लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस के 15-20 मिनट शानदार बना दिए।" उन्होंने कहा, "लंबे समय बाद मैंने मुंबई में परफॉर्म किया है।" हालांकि, वह अपनी बात पूरी कर पातीं, इससे पहले उनका माइक फिर बंद कर दिया गया। उस समय दूसरे स्टेज पर कुटले खान की परफॉर्मेंस जारी थी। शिल्पा असहाय नजर आईं और कुछ नहीं कर सकीं। स्टेज से चली गईं।

कुटले खान का शो शुरू होते ही मेन स्टेज बंद

'छुट्टमल्ले' खत्म करने के बाद शिल्पा अगले गाने की तैयारी कर रही थीं। तभी मेन स्टेज की लाइट बंद हो गई। इसी समय शिल्पा का माइक भी बंद कर दिया गया। ठीक उसी वक्त दूसरे स्टेज की लाइट जल उठी और कुटले खान ने परफॉर्म करना शुरू कर दिया। दर्शकों को कुछ सेकंड बाद समझ आया कि क्या हुआ है। शिल्पा की परफॉर्मेंस अचानक खत्म कर दी गई थी। मेन स्टेज अंधेरे में था। फिर भी साफ दिख रहा था कि शिल्पा इस घटना से हैरान, नाराज और परेशान थीं। दर्शकों ने जोर-जोर से "शिल्पा-शिल्पा" के नारे लगाने शुरू कर दिए। वे मांग कर रहे थे कि शिल्पा को परफॉर्मेंस पूरी करने दी जाए। हंगामे के बीच शिल्पा का माइक फिर चालू किया गया। वह आगे आईं और उन पर स्पॉटलाइट डाली गई। इस दौरान कुटले खान बगल वाले स्टेज पर गाते रहे। शिल्पा ने कुटले खान से कहा, "कुटले जी, मैं एक लाइन बोलकर निकल जाऊंगी, ठीक है? आप बहुत अच्छा गा रहे हो। आप बहुत सही गा

12 घायल, इनमें 6 बच्चे शामिल, गोलीबारी से पहले छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था

अमेरिका के फ्लोरिडा में स्टेडियम के पास फायरिंग

गोलीबारी

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के तलहासी में शनिवार रात फुटबॉल स्टेडियम के पास फायरिंग में 12 लोग घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, घायलों में 6 बच्चे शामिल हैं। 3 लोगों की हालत गंभीर है, जबकि 9 की स्थिति स्थिर बताई गई है। मामले में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, फायरिंग से पहले वहां छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था। फुटबॉल मैच के बाद इलाके में भीड़भाड़ थी। तलहासी पुलिस प्रमुख लॉरेंस रेवेल ने बताया कि घटनास्थल पूरी तरह सुरक्षित होने से पहले ही पुलिस अधिकारियों ने घायलों को सुरक्षित जगह पहुंचाया और अस्पताल ले जाने में मदद की। उन्होंने बच्चों के घायल होने पर दुख जताया।

इस साल अमेरिका में हुई गोलीबारी की बड़ी घटनाएं

1 मार्च - टेक्सास: ऑस्टिन में एक बार के बाहर गोलीबारी हुई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हुई और 14 लोग घायल हुए।

19 अप्रैल - लुइसियानाः एक व्यक्ति ने दो घरों में गोलीबारी कर 8 बच्चों की हत्या कर दी। बाद में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

23 अगस्त - मोंटानाः एक व्यक्ति ने परिवार के साथ रविवार का खाना खाते समय गोलीबारी की। इसमें 8 रिश्तेदारों की मौत हो गई, जिनमें 4 बच्चे थे। बाद में घर में आग लग गई। आरोपी की भी मौत हो गई।

4 अक्टूबर - जॉर्जियाः एक पार्टी के दौरान गोलीबारी में 2 लोगों की मौत हो गई और करीब 35 लोग घायल हुए।

9 अक्टूबर- पेंसिल्वेनियाः फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हमलावर ने खुद को भी गोली मार ली।

फायरिंग के बाद घटना स्थल पर लोगों को सामान बिखरा पड़ा नजर आया।

यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया पर बताया कि फायरिंग उसके कैंपस के पास हुई, लेकिन परिसर सुरक्षित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अधिकारी झगड़े की वजह और गोलीबारी में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटे हैं। पुलिस ने लोगों से घटना से जुड़ी जानकारी शेयर करने की अपील की है।

यूनिवर्सिटी में चल रहा था होमकमिंग वीकेंड

पुलिस के मुताबिक, फायरिंग जिस स्टेडियम के पास हुई स्टेडियम फ्लोरिडा एग्रीकल्चरल एंड मैकेनिकल यूनिवर्सिटी (FAMU) का है। उस वक्त यूनिवर्सिटी में होमकमिंग वीकेंड चल रहा था। यह यूनिवर्सिटी का खास आयोजन होता है, जिसमें पुराने छात्र अपने कॉलेज लौटते हैं और मौजूदा छात्रों के साथ खेल व दूसरे कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं।

फिनलैंड में खुलेगा दुनिया का पहला परमाणु कचरा भंडार

हेलसिंकी, एजेंसी

फिनलैंड में पहला स्थायी परमाणु कचरा भंडार ओनकालो खुला।

फिनलैंड दुनिया का ऐसा पहला देश देश बनने जा रहा है जहां से इस्तेमाल हो चुके परमाणु ईंधन को सुरक्षित रखने के उपाय किए जा रहे हैं। परमाणु के कचरे को जमीन के नीचे सुरक्षित रखा जाएगा।

दुनिया का पहला देश बनने की उपलब्धि के बीच उसे कई चुनौतियों से भी जूझना पड़ा। कई अहम परीक्षणों से गुजरना पड़ा। सभी रिपोर्टों के सही और सुरक्षित पाए जाने के बाद सरकार ने हाल ही में ओनकालो केंद्र को संचालित करने का लाइसेंस दिया है।

अभी फिलहाल किसी भी देश में परमाणु कचरे को रखने की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। सभी देश इसे अस्थायी भंडारण केंद्रों में रखा जाता है। जमीन के नीचे बने इस संरचना की शुरुआत 22 साल पहले शुरू हुई थी। ओनकालो में बने केंद्र में फिनलैंड के पांच परमाणु रिएक्टरों से निकलने वाले कचरा रखा जा सकता है। इसकी क्षमता 6500 टन यूरेनियम की है।

कचरे को पहले तांबे के डिब्बे में रखा जाएगा। इस डिब्बे की खासियत यह होगी कि इसमें जंग नहीं लगेगा। इसके बाद इसे चट्टान के नीचे गड्ढे में रखा जाएगा। इसके आसपास खास तरह की मिट्टी रखी जाएगी और फिर उसे कंक्रीट से जाम कर दिया जाएगा। इससे कचरा आसानी से बाहर नहीं निकल पाएगा। कंपनी ने बताया कि एक लाख साल के बाद इस कचरे से निकलने वाला रेडिएशन घट जाएगा।

फास्ट न्यूज

सद्दाम हुसैन ने चीजकेक फैक्ट्री खोली है

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस के रेनोवेशन के प्लान पर बेहद तीखा और मजेदार तंज कसा है। ओबामा ने कहा कि ट्रंप ने व्हाइट हाउस का हाल ऐसा कर दिया है जैसे सद्दाम हुसैन ने कोई चीजकेक फैक्टरी खोल दी हो। बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया, जब वे ओहियो में मध्यावधि चुनावों के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने ट्रंप के अंदाज और उनके फैसलों पर जमकर चुटकी ली।

केन्या में भीषण सड़क हादसा, बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत

नैरोबी। केन्या के मुख्य राजमार्ग पर रविवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। माकुएनी काउंटी कमिश्नर अब्दुल्लाही खलीफ ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस में सवार यात्री एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना घटी।

अमरीकी स्टार्टअप का पारे से सोना बनाने का दावा

सैन फ्रांसिस्को । सैन फ्रांसिस्को का एक स्टार्ट-अप है मैराथन फ्यूजन। दावा है कि उसने पारे को सोने में बदल दिया है। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि उसने प्रयोग में कुल कितना सोना बनाया है। यही वजह है कि लोग पूछ रहे हैं कि क्या सच में बाजार में बेचने लायक सोना बन भी पाएगा? 'द अटलांटिक' के मुताबिक, यह कोई नया विचार नहीं है।

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने फ्लाइट्स कैंसिल कीं

सऊदी अरब की उड़ानें 7 नवंबर तक रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

मिडिल ईस्ट में हूती विद्रोहियों के हमलों और बढ़ते तनाव के चलते एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सऊदी अरब में रियाद और दम्माम के लिए फ्लाइट्स पर रोक 7 नवंबर, 2026 तक बढ़ा दी है। एयरलाइन ने कहा कि जेद्दा से आने-जाने वाली सर्विस 31 अक्टूबर तक रोकी जाएंगी। इसमें एलिजिबल पैसेंजर्स को कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग ऑप्शन और कैंसलेशन पर पूरा रिफंड दिया जाएगा।

एयर इंडिया ने कहा है कि जिन यात्रियों की 24 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले कन्फर्म बुकिंग हुई है वे फ्री रीबुकिंग का फायदा उठा सकते हैं। एयरलाइन ने टिकट कैंसिल करने पर पूरा पैसा वापस करने का ऐलान किया है।

वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि जिन यात्रियों ने 24 अक्टूबर को या उससे पहले रियाद और दम्माम सेक्टर के लिए बुकिंग की थी, और जिनकी ओरिजिनल यात्रा की तारीख 7 नवंबर तक थी, वे सऊदी अरब या बहरीन और भारत में किसी भी चालू एयर इंडिया एक्सप्रेस स्टेशन के लिए एक बार की कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग का फायदा उठा सकते हैं। वहीं, जिन यात्रियों ने 24 अक्टूबर को या उससे पहले जेद्दा के लिए बुकिंग की थी, और जिनकी ओरिजिनल यात्रा की तारीख 31 अक्टूबर तक थी, उनके लिए कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग सुविधा 14 नवंबर तक की यात्रा के लिए लागू है।

500 मंदिरों में निगरानी बढ़ेगी, इलिनॉय में मंदिर पर हमले की साजिश के बाद फैसला

अमेरिका में मंदिरों की सुरक्षा पर 100 करोड़ खर्च होंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका में दिवाली से पहले हिंदू मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी की गई है। इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपए का फंड बनाया गया है।

यह फैसला इलिनॉय में एक मंदिर पर हमले की साजिश का पर्दाफाश होने के बाद लिया गया है। इसके तहत अमेरिका के लगभग 500 मंदिरों और धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा में इजाफा किया जाएगा।

मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, निगरानी वाले अलार्म और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात करने की तैयारी है। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर योजना बनाई जाएगी। पापोराकिस अपने घर से करीब 65 किमी गाड़ी चलाकर ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा था। छुट्टी के दिन इस मंदिर में 3,000 से ज्यादा श्रद्धालु आते हैं। वह अपने साथ राइफल और सैकड़ों गोलियां लेकर आया था, लेकिन राइफल जाम होने के कारण हमला नहीं कर सका। इसके बाद उसे वहां से भागना पड़ा।

मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे और निगरानी वाले अलार्म लगाए जाएंगे। फुटेज छह महीने तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था होगी, ताकि किसी घटना की जांच में मदद मिल सके।

बड़े आयोजनों वाले मंदिरों और धार्मिक संस्थानों में प्रशिक्षित और लाइसेंसशुदा हथियारबंद सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। कई मंदिर 24 घंटे सुरक्षा के लिए एजेंसियों से संपर्क कर रहे हैं।



आरोपी ऑरोरा में एक हिंदू मंदिर पर हमला करने पहुंचा था। उसकी यह तस्वीर FBI ने जारी की है।

अमेरिका के इलिनॉय में 19 साल के अलेक्जेंड्रोस पापोराकिस ने नवरात्रि के दौरान हिंदू मंदिर पर हमले की साजिश रची थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उस पर 11 अक्टूबर को भारतीय मूल के लोगों की सामूहिक हत्या की योजना बनाने का आरोप था।।

3 साल में मंदिरों में तोड़फोड़ के 25 मामले

अमेरिका में पिछले तीन साल के दौरान मंदिरों में तोड़फोड़ की 25 घटनाएं सामने आई हैं। इनमें मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखने के मामले भी शामिल हैं। न्यूयॉर्क के मेलविल, सैक्रामेंटो, यूटा और मिशिगन के मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ नफरत से जुड़े अपराधों को लेकर भी चिंता बढ़ी है। इनमें ऑनलाइन ट्रोलिंग और नफरत भरे पोस्ट शामिल हैं। 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनावों के बीच भारतीय समुदाय को लेकर राजनीतिक बहस और एच-1बी वीजा का विरोध भी चर्चा में है।

ट्रम्प बोले- हमें बड़ी डील की भी उम्मीद, ईरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं देना चाहते

आज ईरान पर हमला कर सकता है अमेरिका

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका आज ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि अमेरिका रविवार को हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि ईरान कभी परमाणु हथियार न बना सके। ट्रम्प ने फ्लोरिडा में मिडटर्म चुनाव के लिए वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन यह भरोसा नहीं है कि वह शर्तों का पालन करेगा।

उनसे पूछा गया था कि क्या अमेरिका ईरान पर हमला करेगा। इस पर उन्होंने कहा,क्या आपको सच में लगता है कि मैं आपको यह बताऊंगा? शायद कल... हमला करने की संभावना है। यह भी हो सकता है कि हमारे बीच एक अच्छी, बड़ी और शानदार डील हो जाए। ईरान ने रविवार को दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन मार गिराया।

ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह ड्रोन अमेरिका की सेना के लिए बनाया गया LUCAS हमलावर ड्रोन था। ईरान के इस दावे पर फिलहाल अमेरिका की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ईरान अमेरिकी अधिकारियों की हत्या की साजिश रच रहा है। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों को शक है कि मिडिल ईस्ट और अमेरिका में मौजूद अधिकारियों को निशाना बनाने की तैयारी चल रही है।

ट्रम्प ने मिडटर्म चुनाव के लिए फ्लोरिडा में वोट डाला। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की।

ट्रम्प बोले- हमारी सेना ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया

ट्रम्प ने अमेरिकी सेना की तारीफ करते हुए दावा किया कि उसने ईरान के सभी लड़ाकू विमान मार गिराए हैं और 259 जहाज समुद्र में डुबो दिए हैं। ट्रम्प ने कहा, "हमारी सेना और नौसेना ने शानदार काम किया है। उन्होंने ईरान के सभी लड़ाकू विमान तबाह कर दिए हैं। अब ईरान में सिर्फ रिकॉर्ड महंगाई बची है।"

ट्रम्प ने कहा था- हम मिडटर्म चुनाव से पहले हमला नहीं करेंगे

ट्रम्प युद्ध को खत्म करने की समयसीमा को लेकर पहले भी अलग-अलग बयान दे चुके हैं। अक्टूबर की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि अमेरिका 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव से पहले ईरान पर हमला नहीं करेगा। इन चुनावों से तय होगा कि अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने 21 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट में बताया कि अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर दोबारा हमले की योजना बनाई है।

खुद के बच्चे के अपहरण मामले में जेल में बंद महिला को राहत

बच्चे के अपहरण में महिला को 7 साल की जेल हुई

न्यूयार्क, एजेंसी

अमेरिका के न्यूयॉर्क से एक दिलचस्प और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अपने ही बच्चे का अपहरण करने के जुर्म में 7 साल की सजा काट रही एक महिला को अपनी चाइल्ड-सपोर्ट की बकाया रकम को चुनौती देने के लिए एक और मौका मिल गया है।

न्यूयॉर्क की एक अपील अदालत ने निचली अदालत के फैसले को खारिज करते हुए इस मामले में नए सिरे से सुनवाई करने का आदेश दिया है। बता दें कि चेल्सी फोर-रोसेनबौम नामक महिला और उसके पति अलेक्जेंडर फोर-रोसेनबौम का 2019 में एक बच्चा हुआ था। साल 2021 में विवाद तब बढ़ा जब चेल्सी अपनी मां के साथ मिलकर बच्चे को घर से ले गई और लगभग दो महीने तक पिता व पुलिस से उसकी लोकेशन छुपाकर रखी।

इसके बाद चेल्सी को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में कोर्ट ने उसे सेकंड-डिग्री किडनैपिंग और बच्चे को खतरे में डालने का दोषी मानते हुए 7 साल की जेल की सजा सुनाई। गिरफ्तारी के बाद पति अलेक्जेंडर ने तलाक और चाइल्ड-सपोर्ट के लिए अर्जी दी। 2022 में फैमिली कोर्ट ने चेल्सी की उस समय की इनकम के आधार पर उसे हर हफ्ते लगभग 47000 रुपये बच्चे के खर्च के तौर पर देने का आदेश दिया, जबकि तब तक वह जेल जा चुकी थी। गौरतलब है कि साल 2023 में जेल से ही चेल्सी ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि जेल के अंदर उसकी इनकम न के बराबर है और वह इतना भारी-भरकम भुगतान नहीं कर सकती।

लाठीचार्ज : महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग, पेरिस में पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

फ्रांस में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, 1000 गिरफ्तार

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस में महंगाई, स्कूलों की बदहाली और पुलिस की सख्ती के खिलाफ शनिवार को लाखों लोग सड़कों पर उतर आए। पेरिस समेत कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पेरिस में मार्च के अंत में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़ी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में करीब 1,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सरकारी आकंड़ों के मुताबिक प्रदर्शनों में करीब 4 लाख लोग शामिल हुए। दूसरी तरफ ट्रेड यूनियनों ने 8 लाख लोगों के शामिल होने का दावा किया। पेरिस के अलावा लियोन, लिली, मॉन्टपेलियर, नांत और टूलूज में भी प्रदर्शन हुए। पुलिस ने इन शहरों में प्रदर्शनकारियों को मुख्य इलाकों तक पहुंचने से रोकने के लिए आंसू गैस छोड़ी। मार्सेई में भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, क्लेरमों-फेरां और टूलूज में कम से कम दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। टूलूज में एक व्यक्ति की विस्फोटक पुलिस हथियार की वजह से उंगलियां कटने की खबर है। हिंसा की आशंका को देखते हुए फ्रांस के शहरों में 70 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। कई दुकानों के बाहर सुरक्षा के लिए लकड़ी के पटरे लगाए गए और कई संग्रहालय बंद रखे गए। फ्रांस में यह आंदोलन सितंबर में हाईस्कूल के छात्रों के प्रदर्शन से शुरू हुआ था। छात्र स्कूलों में शिक्षकों की कमी, जर्जर इमारतों, छतों से पानी टपकने और भीड़भरी कक्षाओं में पर्याप्त कुर्सियां नहीं होने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

फ्रांस में 24 अक्टूबर को हुए प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में महंगाई के खिलाफप्रदर्शन हुए में मार्च निकालते लोग।

पेरिस में 1.10 लाख लोग जुटे, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

सरकारी अनुमान के मुताबिक, पेरिस में करीब 1.10 लाख लोगों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने महंगाई, सरकार की पुलिस व्यवस्था और स्कूलों में सुविधाओं की कमी के खिलाफ आवाज उठाई। उनके हाथों में ऐसे बैनर थे, जिन पर लिखा था- 'दमन से विद्रोह पैदा होता है' और 'प्रदर्शन करना हमारा अधिकार है'। शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। इसमें छात्र, अभिभावक और बुजुर्ग भी शामिल हुए। हालांकि, मार्च खत्म होने के दौरान कुछ नकाबपोश लोगों ने पुलिस पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं। कुछ जगह कूड़ेदानों में आग लगाई गई और पुलिस की ओर पटाखे फेंके गए।

इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस, वाटर कैनन और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर लाठीचार्ज भी किया।

सुकन्या-स्कीम में 3 बेटियों के लिए भी अकाउंट खोल सकेंगे

सिर्फ मेडिकल सर्टिफिकेट देना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

अगर आपके घर में 3 बेटियां हैं, तो यह खबर आपके काम की है। आमतौर पर सरकार की 'सुकन्या समृद्धि योजना' में एक परिवार की सिर्फ दो बेटियों का ही खाता खुल सकता है, लेकिन अगर आपके घर में जुड़वां या एक साथ तीन बच्चियों ने जन्म लिया है, तो आप तीसरी बेटी का भी खाता खुलवा सकते हैं।

इस योजना में सही तरह से पैसे जमा करके आप तीनों बेटियों के लिए कुल मिलाकर 2.15 करोड़ तक का फंड तैयार कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको मेडिकल सर्टिफिकेट देना होगा।

आप किसी भी पोस्ट ऑफिस या बैंक में सिर्फ 250 देकर यह खाता खुलवा सकते हैं। इसके बाद हर साल कम से कम 250 जमा करना जरूरी है।

जब तक बेटी 18 साल की नहीं हो जाती, तब तक माता-पिता खाता संभालेंगे। 18 साल की होते ही बेटी जरूरी कागजात जमा करके खुद अपना खाता चला सकती है।

अगर पहली बार में ही एक साथ तीन बेटियां पैदा हुई हों। या फिर, पहली बार में एक बेटी हुई हो और दूसरी बार में जुड़वां बेटियां पैदा हुई हों। दोनों स्थितियों में तीनों बेटियों का सुकन्या खाता खुल जाएगा।

अगर पहली बार में जुड़वां बच्चे हुए हों और बाद में दूसरी डिलीवरी में सामान्य रूप से एक और बेटी पैदा हो, तो तीसरी बेटी के नाम पर खाता नहीं खोला जा सकता।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676